वर्ष-22 ■ अंक-339
पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)

■ रविवार ■ 25 जनवरी 2026

माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

दैनिक

# समय जगत





दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'

Facebook
asksamayjagat

Instagram
@asksamayjagat

Twitter
@asksamayjagat

यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें

www.dainiksamayjagat.in


# द्रोपदी मुर्मू ने किया ग्रंथ कुटीर का उद्घाटन, 2,300 किताबें और पांडुलिपियां हैं एक ही जगह



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में ग्रंथ कुटीर का उद्घाटन किया। यह कदम औपनिवेशिक विरासत को छोड़ने और भारत की 11 शास्त्रीय भाषाओं की करीब 2,300 किताबों और पांडुलिपियों के लिए एक खास जगह बनाने के लिए उठाया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस संग्रह में तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला भाषाओं की रचनाएं शामिल हैं तथा यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, दार्शनिक, साहित्यिक और बौद्धिक विरासत को प्रतिबिंबित करता है। इसमें कहा गया कि ग्रंथ कुटीर में महाकाव्य, दर्शन, भाषा विज्ञान, इतिहास, शासन, विज्ञान और भक्ति साहित्य जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला वाली पांडुलिपियां और पुस्तकें हैं, साथ ही शास्त्रीय भाषाओं में भारत का संविधान भी है। इस संग्रह में ताड़ के पत्ते, कागज, छाल और कपड़े जैसी पारंपरिक सामग्रियों पर हस्तलिखित करीब 50 पांडुलिपियां भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट में बयान के मुताबिक हाल तक यहां विलियम होगार्थ की मूल कृतियों की सूची, लॉर्ड कर्ज़न ऑफ केडलस्टन के भाषण, लॉर्ड कर्ज़न ऑफ केडलस्टन के प्रशासन का सारांश, लॉर्ड कर्ज़न का जीवन जैसी पुस्तकें रखी जाती थीं। अब इन्हें राष्ट्रपति भवन परिसर के अंदर एक अलग स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है और अभिलेखीय संग्रह का हिस्सा होने के नाते इन पुस्तकों को डिजिटाइज़ कर दिया है और इन तक शोधकर्ताओं और विद्वानों को ऑनलाइन पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रंथ कुटीर का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाना और औपनिवेशिक प्रभावों से मुक्ति पाने के राष्ट्रीय संकल्प के साथ तालमेल बिठाना है। यह पहल ज्ञान भारतम मिशन का भी समर्थन करती है, जिसका उद्देश्य परंपरा और प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके भारत की विशाल हस्तलिखित विरासत को संरक्षित करना, डिजिटाइज़ करना और प्रसारित करना है। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि शास्त्रीय भाषाओं ने भारतीय संस्कृति की नींव रखी है और विज्ञान, योग, आयुर्वेद और साहित्य के ज्ञान के जरिए सदियों से दुनिया का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि तिरुक्कुरल और अर्थशास्त्र जैसे ग्रंथ आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं, जबकि पाणिनी का व्याकरण, आर्यभट्ट का गणित और चरक तथा सुश्रुत का चिकित्सा विज्ञान जैसे योगदान दुनिया को प्रेरित करते रहते हैं। इन भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन की जरुरत पर जोर देते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि शास्त्रीय भाषाओं में संचित ज्ञान का भंडार हमें अपने समृद्ध अतीत से सीखने और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शास्त्रीय भाषाओं के शिक्षण पर जोर देने, युवाओं को कम से कम एक शास्त्रीय भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करने और पुस्तकालयों में इस तरह की अधिक कृतियों को उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

## अब मिशन मोड में मिल रही है सरकारी नौकरी: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 18वें रोजगार मेले के तहत देश भर के 61,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के अपॉइंटमेंट लेटर वितरित किए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण है। पीएम मोदी ने युवाओं को संविधान के प्रति उनके कर्तव्यों की याद दिलाई। पीएम मोदी ने कहा कि नए साल की शुरुआत आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आई है। इसके साथ ही, जब कल ही बसंत पंचमी मनाई गई, तो आपके जीवन में भी एक नया बसंत ुरू हो गया है। आपका कर्तव्य संविधान से जुड़ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय गणतंत्र भी मनाया जा रहा है। शुक्रवार, 23 जनवरी को, हमने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया, और कल, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। आज ही के दिन संविधान ने जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी थी। आज, इस शुभ दिन पर, 61 हजार से ज्यादा युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर मिल रहे हैं। एक तरह से यह राष्ट्र निर्माण के लिए निमंत्रण पत्र है। यह भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक संकल्प पत्र है। आप सभी, अपने सहयोगियों के साथ मिलकर, हमारे देश की रक्षा को बेहतर बनाएंगे और हमारे स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा प्रणाली को भी मजबूत करेंगे, जबकि अन्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे। PM मोदी ने कहा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां मौजूद सभी युवाओं को बधाई देना चाहता हूं। दोस्तों, युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार के अवसर देना हमारी सरकार का लक्ष्य रहा है। सरकारी नौकरियों को मिशन मोड में लाने के प्रयास में, रोजगार मेला शुरू किया गया था। पिछले कुछ सालों में, रोजगार मेला एक संस्था बन गया है जिसके माध्यम से लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में अपॉइंटमेंट लेटर मिले हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि भारत की युवा शक्ति के लिए ज्यादा अवसर पैदा हों।



## वृद्धजनों की सेवा और ओल्ड एज होम की स्थापना के लिए सरकार ने समाज को साथ जोड़ा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश-प्रदेश में विकास का अर्थ केवल अधोसंरचना निर्माण नहीं है, विकसित राष्ट्र के लिए, समाज के सभी वर्गों को बेहतर और सुरक्षित जीवन जीने के अवसर उपलब्ध कराना भी विकास है और यह राज्य सरकार का सर्वोच्च दायित्व भी है। राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और वृद्धजनों की सेवा के लिए संकल्पित है। राजधानी में वरिष्ठजनों को परिवार जैसा वातावरण देने के लिए सेवा भारती के माध्यम से इस सर्व-सुविधायुक्त सशुल्क वरिष्ठजन निवास की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए हर कदम पर उनके साथ है। राज्य सरकार ने वृद्धजनों की सेवा और %ओल्ड एज होम% की स्थापना के लिए समाज को साथ जोड़ा है। राज्य सरकार दिव्यांगजन को भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित कर उनमें क्षमताएं विकसित करने का प्रयास कर रही है। दिव्यांगजनों के पास अद्भुत बौद्धिक क्षमता होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नव निर्मित सशुल्क वृद्धाश्रम ÷संध्या छाया÷ के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पत्रकार कॉलोनी लिंक रोड नं. 3 पर निर्मित सर्व सुविधायुक्त वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीपीपी मोड पर बने संध्या छाया ओल्ड एज होम का शुभारंभ कर अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां रह रहे एक दम्पत्ति का अभिवादन

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सशुल्क वरिष्ठजन निवास संध्या छाया का किया लोकार्पण

कर स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यस्तरीय दिव्यांगजन स्पर्श मेला-2026 में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 54.52 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को 327.15 करोड़ रूपये से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यस्तरीय दिव्यांगजन स्पर्श मेला-2026 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सभी क्षेत्रों में विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने का बीड़ा उठाया है। हमारा देश गौरवशाली और समृद्ध विरासत का सभी प्रकार से संरक्षण करते हुए निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश सरकार भी विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मध्यप्रदेश भारत के सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले 3 राज्यों में शामिल हुआ है। मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका में है। हमारी सरकार ग्रीन एनर्जी को आगे बढ़ाते हुए दुनिया में सबसे सस्ती बिजली उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी और पम्प स्टोरेज से ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से इस बार दावोस के वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारत का सबसे बड़ा दल शामिल हुआ। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल संपन्न





**समय जगत, भोपाल।** मध्यप्रदेश में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह 26 जनवरी को प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान भोपाल में प्रातः 9 बजे आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास शनिवार को लाल परेड मैदान पर किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने परेड एवं समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल के दौरान सातवीं बटालियन के प्रधान आरक्षक राजमणि सिंह बघेल ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। हर्ष फायर के बीच पुलिस बैंड ने निरीक्षक सुनील कटारे के निर्देशन में जन गण मन की धुन बजाई। मुख्य अतिथि के संदेश का प्रतीक स्वरूप वाचन भी किया गया। हर्ष फायर के बाद पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच आकर्षक संयुक्त परेड निकाली गई। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी आयुष जाखड़ ने किया। परेड टू आई सी का दायित्व एसडीओपी सैलाना जिला रतलाम श्रीमती नीलम बघेल ने निभाया। संयुक्त परेड में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, अश्वारोही दल व श्वान दस्ते सहित 23 टुकड़ियां शामिल थीं। संयुक्त परेड में शामिल बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-1 गोरखा बटालियन की टुकड़ी का नेतृत्व निरीक्षक अशोक कुमार गिरी ने किया।






### उत्तरप्रदेश के स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने दी शुभकामनाएं

# यूपी ने बीते नौ सालों में बीमारू से बेमिसाल प्रदेश बनने का सफर किया तय



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश आज यानी शनिवार को अपना स्थापना दिवस मना रहा है। 24 जनवरी 1950 को यूनाइटेड प्रोविंस का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था और तब से हर साल इस तारीख को उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई प्रमुख हस्तियों ने शुभकामनाएं दी और प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में अमूल्य योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार और विकास को समर्पित यहां के लोगों की सहभागिता से हमारे इस राज्य ने बीते नौ सालों में बीमारू से बेमिसाल प्रदेश बनने का सफर तय किया है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि देश की प्रगति को गतिशील बनाए रखने में उत्तर प्रदेश का सामर्थ्य बहुत काम आने वाला है। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को मेरी शुभकामनाएं। गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति की यह धरती भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है। मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। मैं इस राज्य के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा- उत्तर प्रदेश के सभी भाइयों-बहनों को प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सनातन संस्कृति की अमूल्य विरासत से सिंचित, गंगा-यमुना की पावन और उर्वर भूमि उत्तर प्रदेश वह धरती है, जिसने राष्ट्र को संस्कृति, साधना, शक्ति और संकल्प के मार्ग पर सदैव अग्रसर किया है। आज डबल इंजन सरकार में उत्तर प्रदेश विकास और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रदेश के सदैव प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना करता हूं। बता दें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को राज्य सरकार वैश्विक स्तर पर मना रही है। यूपी दिवस का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा। जिला स्तर पर मंत्री और पदाधिकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। गांव-ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक अलग-अलग कला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# पक्की सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हुई सुविधा, गांवों के विकास को मिली गति

**समय जगत, औबेदल्लागंज ।** गांव को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़कें बनने से ग्रामीण इलाकों में आवागमन सुगम होने के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक-आर्थिक विकास के द्वार खुले हैं। रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज विकासखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 309.45 लाख रूपए लागत से तामोट से एकलवाड़ा तक 5.99 किमी पक्के सड़क मार्ग के बनने से पांच से अधिक गॉवों के लगभग चार हजार ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हुई और विकास के नए द्वार भी खुले हैं। इस सड़क मार्ग में 09 पुल-पुलियों का निर्माण भी किया गया है।




औबेदुल्लागंज विकासखण्ड में तामोट से एकलवाड़ा तक मार्ग की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों की समस्या को दूर करने एकलवाडा, उदयपुर, धाना मुहासा, सिंहपुर और मुढ़ा, कुमढ़ी गांवों को पक्क सड़क मार्ग से जोड़ने परियोजना में शामिल किया गया। इस सड़क में 3000 से 3700 मीटर के मध्य पठारी वन क्षेत्र है जो पहले बहुत खतरनाक खड़ी ढलान वाला मार्ग था, जिससे दुर्घटनाएं होती रहती थीं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले घाट के कारण बड़े वाहनों का आना-जाना कठिन था। फसलों के लिए आवश्यक सामान, उर्वरक आदि का परिवहन भी कठिन था।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर ग्राम तामोट से एकलवाड़ा 5.99 किलोमीटर में एक शासकीय अपताल, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा वन क्षेत्र से होकर गांवों को जोड़ती हुई सड़क मार्ग को स्वीकृति मिली। यह मार्ग अक्टूबर 2025 में बनकर तैयार हो गया जिससे गांव के बच्चों, किसानों, ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हुइ। इस पक्के सड़क मार्ग के बनने से लगभग चार हजार से अधिक ग्रामीण सीधे लाभान्वित हुए है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण में कृषि, व्यापार, अस्पताल, स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाएं आमजन के जीवन तक पहुंच रही हैं और उनके जीवन में आर्थिक व सामाजिक उन्नति हो रही है। ग्रामीणजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहते हैं कि पक्के सड़क मार्ग से गांव में माल और वाहनों की आवाजाही आसान हुई है, जिससे बाजार तक पहुंच बढ़ी है।

# उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान को मिली नई ऊर्जा, सेजेस महलपारा से निकली जनजागरुकता रैली



**समय जगत, कोरिया।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में उल्लास, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस), महलपारा, बैकुंठपुर में आज भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य राजीव जायसवाल एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक शेषमणी मिश्रा ने किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से सजी यह रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई संपन्न हुई। रैली का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर एवं अल्पशिक्षित नागरिकों को साक्षरता की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। इसके तहत पढ़ना ,लिखना, बुनियादी गणित, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय जागरूकता एवं जीवन कौशल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया गया। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर सब पढ़ें, सब बढ़ें, शिक्षा है विकास की कुंजी और पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत जैसे प्रेरणादायी नारों से नगरवासियों को जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण शशिभूषण पाण्डेय, शिवप्रताप सिंह, टिकेश्वर साहू, विरेंद्र जायसवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, रिंकी श्रीवास्तव, मंजू कुमार, प्रीति खाखा, शालू अग्रवाल, जी नेहा, अर्पित खाखा, रंभा सहित समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। नगरवासियों ने विद्यार्थियों के इस अनुशासित, उत्साहपूर्ण एवं प्रेरक प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को समाज के लिए एक अत्यंत उपयोगी और दूरदर्शी पहल बताया।

## कांग्रेस जनों ने धरना देकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रामशरण शर्मा-समय जगत, मुरैना।** एसआईआर को लेकर विधायक पंकज उपाध्याय के आह्वान पर कांग्रेस कमेटी के द्वारा एसडीएम कार्यालय पर धरना देकर ज्ञापन दिया गया जिसमें विधायक पंकज उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी के द्वारा फर्जी तरीके से फॉर्म 7 भर गलत तरीके से वोट काटने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। फार्म 7 के द्वारा आपत्तिकर्ता गलत मतदाता का नाम कटवा सकता है परंतु विधानसभा जोरा में छपे हुए फॉर्म साथ आए हुए हैं। जिनमें अधिकांश दलित ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वोटों को काटने के लिए अज्ञात लोगों के द्वारा आपत्ति दर्ज किया जा रही है। उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी लोगों के द्वारा केवल छोटे-छोटे के नाम के द्वारा जिसमें ना कोई पता लिखा है एवं सभी फार्मो में गलत मोबाइल नंबर डाले गए हैं ऐसे फॉर्म बीएलओ के द्वारा ले लिए गए हैं जो की पूर्ण तरीके से गलत है। किसी ने फर्जी व्यक्ति बनाकर फार्म भरा है जो की पूरा फर्जी है और कूटरचित है ऐसे ही कैलारस के वार्ड 6 में 33 लोगों का ग्राम रिझोंनी में 34 लोगों की फर्जी शिकायत की गई है सभी फार्मो में छोटे नाम गलत मोबाइल नंबर दिए गए हैं। यह सभी फॉर्म एसआईआर ने कैसे जमा कर लिए यह एक जांच का विषय है उन्होंने आगे कहा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी लगातार वोट चोरी के बारे में अपनी आवाज उठाते रहे हैं। चुनाव आयोग भाजपा मिलकर शोषित वंचित ओबीसी अल्पसंख्यकों को वोट डालने के अधिकार से महरूम रखना चाहती है वोट चोरी से ही कई प्रदेशों में सरकार बनाई है। पंकज उपाध्याय ने कहा कि अगर एक भी वोट गलत तरीके से काटा गया तो अधिकारी कर्मचारियों को कोर्ट में जवाब देना होगा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। धरने में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि हम जल्द ही कलेक्टर- एसपी को इसके बारे में शिकायत करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक महेश मिश्रा ने कहा यह वोट चोरी का माध्यम बन गया है। 3 घंटे धरने देने के बाद कांग्रेसियों ने एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन दिया। धरने में शहर अध्यक्ष गजेंद्र जाटव संगठन मंत्री सुभाष सिकरवार जौरा कैलारस पहाड़गढ़ चिन्होनी चंबल के अध्यक्ष रामहेत त्यागी हरेंद्र जादौन राजकुमार धाकड़ धर्मेंद्र सिकरवार मुरारीलाल अमर शम्मा कुरैशी सुरेश उपाध्याय कमलेश दुबे नीकेराम त्यागी ओमप्रकाश शाक्य जगदीश शुक्ला दीपक यादव अभिषेक जैन रानी खान सतेंद्र सोलंकी नीरज जाटव माखन शाक्य राजू मंत्री आबिद बाग रामहित जाटव बृजमोहन गुर्जर डीके प्रजापति नजीर पठान मुन्ना खान उस्मान लोधी जावेद मिस्त्री राशिद सोनू खान शाहिद खान दिनेश गुर्जर आशीष गोस्वामी राजेंद्र गुर्जर धर्मेंद्र शास्त्री आदि शामिल रहे।

# सिंधी प्रीमियर लीग खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ




**मण्डला ।** श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल मंडला के द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, इसमें युवा खिलाड़ियों के प्रयास से मंडला में क्रिकेट मैचों की श्रृंखला कराई जा रही है,पौड़ी महाराजपुर में खेल परिसर में सायं कालीन एवं रात्रि कालीन इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल बारह टीमों की सहभागिता हुई है,खास बात यह है कि इसमें युवाओं के अलावा बड़ी उम्र एवं छोटी उम्र के सदस्य भी खेल में शामिल हो रहे हैं।

आयोजन की शुरुआत भगवान झूलेलाल की आरती, पूजन,अर्चन एवं आराधना से हुई,समस्त मौजूद जनों के द्वारा भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाए गए। इसके पश्चात टर्फ मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण का समारोह आयोजित हुआ। आयोजन समारोह में सभी शामिल जनों ने परंपरागत रूप से राष्ट्रगान का वाचन किया और भारत माता के जयकारे लगाए, सभी वरिष्ठ जन शामिल क्रिकेट प्रतिभागियों से परिचित हुए और उनको खेल हित भावनाओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। तत्पश्चात् पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों के द्वारा सांकेतिक रूप से क्रिकेट खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।महानगरों में हो रहे सिंधी प्रीमियर लीग मैचों से प्रेरणा लेकर युवाओं की पहल सराहनीय है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सौहाद्र और युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

पहले दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच रोको थिंग्स एवं बम्हनी ब्लास्टर के बीच खेला गया जिसमें रोको थिंग्स ने 14 रन से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच वननेस टीम और एलाइट एट के बीच खेला गया जिसमें वननेस टीम ने 13 रन से जीत दर्ज की। तीसरा मैच फैंसी एट और सत्ते पे सत्ता टीम के बीच खेला गया जिसमें फैंसी एट ने 6 विकेट से जीत दर्ज की।मैचों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक शामिल हो रहे हैं।

## मां शारदे म्यूजिकल एकेडमी हरदा में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी पर्व, किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन




**समय जगत खिरकिया।** ज्ञान कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी का पावन पर्व मां शारदे म्यूजिकल एकेडमी हरदा में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं संगीतमय हो गया। साथ दिन शनिवार को अकैडमी में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में अकैडमी के संचालक एवं संगीत गुरु अजय कुशवाहा लवीना काले ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत केवल कला नहीं, बल्कि जीवन को संस्कारित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन के बिना न तो संगीत की साधना पूर्ण हो सकती है और न ही जीवन की दिशा स्पष्ट होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अभ्यास अनुशासन और विनम्रता के साथ संगीत साधना करने का आव्हान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं मधुर संगीतमय प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने सराहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान एकेडमी परिसर में उल्लास, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ दी गई और माँ सरस्वती से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# दृढ़ इच्छाशक्ति को बनाएं जीवन के उत्थान का आधार: जीवन सिंह पाल

**समय जगत, मण्डीदीप ।** औद्योगिक नगर में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत 12 से 26 जनवरी तक चल रहे ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को जनअभियान परिषद द्वारा सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड 8 स्थित रघुकुल विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपा पार्षद प्रार्थना चौहान, मुख्य वक्ता समाजसेवी जीवनसिंह पाल , महिला बाल विकास से राधिका पाल, व ब्लाक समन्वयक निशा पटेल ने दीप प्रज्ज्वलन कर ग्रामोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात नवांकुर संस्था के वीरसिंह चौहान, व प्रियंका गौर द्वारा अतिथि स्वागत उद्बोधन किया गया । इस दौरान विकासखण्ड समन्वयक निशा पटेल द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा रखी गयी। उन्होने कहा कि कार्यक्रम में शिक्षा एवं संस्कार, सामाजिक समरसता, स्वालंबन एवं स्वदेशी, गौ संरक्षण एवं नागरिक सेवा पर्यावरण संरक्षण, उत्तम स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण की जानकारी दी गई। वही मुख्य वक्ता जीवन सिंह पाल ने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कठिन परिस्थितियां भी सफलता की सीढ़ी बन जाती हैं। युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि परिषद निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में नेतृत्व विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि ग्राम के उदय से ही राष्ट्र का उदय संभव है। ग्रामीण विकास ही राष्ट्र के विकास की नींव है। वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रार्थना चौहान ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं प्रदेश सरकार की लोकहितकारी, जन कल्याणकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान द्वारा मैदानी स्तर कार्य कर रही है। उन्होने शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा उन्होने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन को लेकर अपने व्यक्तिगत जीवन के अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों को स्वयं का आत्ममंथन कर ,स्वयं के अंदर के व्यक्तित्व को पहचानकर अपने भविष्य के लिए अपना करियर चुनने की सलाह दी। इस अवसर पर महिला बाल विकास की राधिका पाल ने सभी नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। सेक्टर प्रभारी वीरसिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चो की विभिन्न प्रतियोगिताओ के साथ संगीत का भी कार्यक्रम किया गया। समापन पर रैली निकालकर ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का संदेश दिया गया। इस अवसर नगर विकास समिति के आकाष रघुवंशी , राकेश पाल, अर्चना उबनारे, अलका उमक, अकिंत चौरे, रोहित अहिरवार, प्रकाश विश्वकर्मा, अमन पातरे, केके शर्मा, सुमित चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त मुहिम



**आनंद शर्मा- समय जगत,मनेंद्रगढ़।** जिले में बढ़ते नशे के चलन पर लगाम कसने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के निर्देश पर मनेंद्रगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध गांजा, व अंग्रेजी नशीले इंजेक्शन टैबलेट पदार्थो की गिरफ्त में आए युवाओं को नशे से मुक्त कराना है। सिटी कोतवाली प्रभारी दीपेश सैनी ने बताया कि पुलिस केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को बचाने की दिशा में भी गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से युवाओं को बाहर निकालने के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन इसमें आम नागरिकों का सहयोग बेहद आवश्यक है। बीती रात सिटी कोतवाली पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में नशेड़ियों के चिन्हित अड्डों पर दबिश दी। अभियान के दौरान मौके पर नशीले पदार्थो का सेवन कर रहे युवाओं को पकड़ा गया। पुलिस ने उन्हें उठक-बैठक कराकर नशा न करने की सख्त हिदायत दी और भविष्य में दोबारा इस तरह की गतिविधियों में शामिल न होने की चेतावनी देकर छोड़ा। इस अभियान के तहत दर्जनों नशेड़ियों की पहचान की गई है, जिन पर आगे भी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी युवा नशीले पदार्थों का सेवन करते दिखाई दें, तो तत्काल सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ को सूचना दें, ताकि समय रहते उन्हें इस दलदल से बाहर निकाला जा सके। पुलिस का स्पष्ट संदेश है- समाज के सहयोग से ही नशामुक्त मनेंद्रगढ़ का सपना साकार होगा।

# कड़ाके की ठंड में हजारों गायों को खिलाया औषधि युक्त हरिला

**समय जगत आरोन।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इंसानों के साथ ही पशु भी मौसम की मार झेल रहे हैं। आरोन में गौवंश को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए गौ सेवकअपनी टीम के साथ शहर की सड़कों पर मौजूद गौवंशों को औषधि युक्त हरिला खिला रहे हैं। विगत दिनों भी यही कार्यक्रम आयोजित किया था लेकिन अब फिर ठंड अधिक होने के चलते हरिला बनाकर खिलाया गया। यह कार्य जनसेवा टीम कई वर्षों से करती आ रही है। एसडीएम महेश कुमार बमनाह ने कहा कि नगर के गौसेवकों के साथ आज मुझे भी गऊ माता की सेवा में अपना योगदान करने को मिला है और मेरा सभी से आग्रह भी है कि आप लोग भी अपने घरों के बाहर बैठे या घूम रहे पशुओं को ठंड से बचाने के लिए कुछ न कुछ व्यवस्था जरूर करें। गौ सेवा परिवार की टीम मूक पशुओं को अलाव जलाकर ठंड से बचाने का प्रयास भी कर रही है। टीम के सदस्य सभी गायों को हरिला खिला रहे हैं ताकि वो कड़ाके की ठंड का सामना कर सकें। जनसहयोग से यह अभियान चला रहा है, जो कि आगे भी जारी रहेगा। लोग गुड़ और अन्य सामग्री के रूप में टीम को सहयोग कर रहे हैं। समाज सेवियों की मदद से 50 किलो के हरीला तैयार गुड, चापर, सरसों तेल, सौंठ, अजवाइन, हल्दी, देशी घी, पीपल व अन्य औषधीय सामग्री मिलाकर तैयार किया है।



# लाल परेड मैदान पर भव्य परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल संपन्न

**गुना।** कल 26 जनवरी को देश का 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुना के लाल परेड मैदान पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह के पूर्व दिनांक 24 जनवरी को लाल परेड मैदान पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर की उपस्थिति में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल आयोजित की गई। यह पूर्वाभ्यास ठीक उसी क्रम एवं विधि से सम्पन्न किया गया, जैसा कि मुख्य समारोह के दिन किया जाना है।



पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान निर्धारित कार्यक्रमानुसार मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्रीमती पूजा उपाध्याय द्वारा परेड का कुशलतापूर्वक संचालन करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण किया गया तथा परेड द्वारा हर्ष फायर एवं मार्च पास्ट की कार्यवाही संपन्न की गई। परेड में पुलिस, एसएएफ, होमगार्ड के प्लाटूनों के साथ-साथ एनसीसी, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस, शौर्य दल सहित कुल 13 प्लाटूनों ने सहभागिता की। रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश कुमार जैन ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वहन किया।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी अंतिम रिहर्सल की गई, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

उल्लेखनीय है कि गुना जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह दिनांक 26 जनवरी को लाल परेड मैदान पर आयोजित होगा, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविन्द सिंह राजपूत, मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश शासन, प्रातः 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे। इसके उपरांत परेड की सलामी एवं निरीक्षण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा।

मुख्य समारोह में परेड के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा विभिन्न विभागों द्वारा चलित झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी।

# बिना परमिट एलपीजी गैस किट लगाकर संचालित मारुति वैन से लाते थे बच्चों को

**सुठालिया।** तहसील क्षेत्र के लखनवास में शुक्रवार को पुलिस ने एक मारुति वैन को जब्त किया है उक्त मारुति वैन में निजी स्कूल संचालक द्वारा बड़ी तादाद में छात्र-छात्राओं को बैठाकर प्रतिदिन विद्यालय लाया ले जाया जाता था। जानकारी के मुताबिक लखनवास के आरोही अकादमी में प्रतिदिन स्कूल संचालक अवेध मारुति वैन क्रमांक एमपी 08 बी ए 1064 में छोटे बच्चों को बिठाकर आसपास के गांव से स्कूल में लाया जाता था ओर छोड़ा जाता था जो बिना परमिट व फिटनेश के एलपीजी गैस से चल रही थी और एकदम खटारा थी इससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था ओर स्कूल संचालक बच्चो की जान से खिलवाड़ कर रहा था।




स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत लखनवास चौकी एवं थाना प्रभारी मलावर से की तो शुक्रवार को थाना प्रभारी मलावर रजनीश सिरोठिया मौके पर पहुंचे और उक्त मारुति वैन से बच्चों को उतरवा कर उसे जप्त कर लखनवास चौकी में रखा गया है। बताया जाता है कि उक्त मारुति वैन से स्कूल संचालक पर प्रतिदिन बच्चों को बैठक स्कूल में ला रहे थे। इस दौरान गाड़ी का ड्राइवर अमृत लाल फरार हो गया

**इनका कहना है-**

लखनवास में मारुति वैन बिना परमिट व फितनेश के एलपीजी गैस से चल रही थी जिसमे स्कूली बच्चों को बैठाया जाता था उसे जब्त कर कार्यवाही की हे।

राजनेष सिरोठिया थाना प्रभारी मलावर।

तक्षशिला स्कूल में विदाई समारोह : 11वीं के छात्रों ने सीनियर साथियों को दी यादगार विदाई

# अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सफलता की है कुंजी : संजय दुबे

**समय जगत, खुरई।** नगर के तक्षशिला कॉन्वेंट/हायर सेकेंडरी स्कूल में बसन्त पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में हवन पूजन के साथ मां सरस्वती की आराधना की गई। इसके साथ कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह (फेयरवेल) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का माहौल उत्साह और भावुकता से भरा रहा। समारोह में 12वीं के छात्र-छात्राएं आकर्षक और विशेष परिधानों में सज-धज कर पहुंचे, जो आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए 11वीं के छात्रों ने कई दिलचस्प प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। इसमें पासिंग द गेम, साड़ी पहनो प्रतियोगिता, रैम्प वॉक और गुब्बारा फुलाओ जैसी स्पर्धाओं ने



सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के आधार पर मिस्टर और मिस फेयरवेल के खिताबों की घोषणा की गई, साथ ही बेस्ट बॉय और बेस्ट गर्ल के अवार्ड भी दिए गए। विदाई की घड़ी में छात्रों ने स्कूल के बीते वर्षों की यादों को शिक्षकों और अपने जूनियर साथियों के साथ साझा किया। संचालक संजय दुबे ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। यह खुशी और दुख का मिलाजुला अहसास होता है, जहाँ पुराने पलों को याद करते हुए आगे के सफर के लिए प्रेरित किया जाता है, जिसमें आप अपने साथियों, शिक्षकों और संस्था के प्रति कृतज्ञता जताते हुए उनके योगदान को स्वीकार करते हैं। स्कूल प्रभारी लाखन सिंह कुर्मी ने कहा कि विदाई केवल एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाने का पड़ाव है, संबंधों का अंत नहीं। हमारे विद्यालय के छात्र न केवल शिक्षा बल्कि संस्कार और अनुशासन में भी अग्रणी रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये विद्यार्थी आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन करेंगे। कॉन्वेंट प्रभारी आनंद बौद्ध ने कहा कि आज के इस विदाई समारोह में बच्चों का उत्साह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। 12वीं के छात्रों ने विद्यालय को जो गौरव प्रदान किया है, वह सराहनीय है। जीवन की नई चुनौतियों के लिए वे पूरी तरह तैयार हैं और हमारी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ हैं। इस अवसर पर समस्त छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली एवं यातायात रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**समय जगत, पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर दिनांक 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 23 जनवरी को पन्ना पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरुक करने हेतु जागरुकता रैली एवं यातायात रथ यात्रा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जागरुकता रैली एवं यातायात रथ को हरी झंडी दिखाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना से रवाना किया गया। उक्त जागरुकता रैली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य चौराहों से होते हुए यातायात थाना पन्ना पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, हेलमेट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरुक किया गया। यातायात रथ की डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित



किए गए, वहीं अनाउंसमेंट के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन न चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु संदेश दिया गया। उक्त रैली यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें 200 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट्स एवं स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। रैली के दौरान आमजन को राहवीर योजना के संबंध में भी बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से जागरुक किया गया। साथ ही रैली में शामिल पुलिसकर्मी, एन.सी.सी. कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां हाथों में लेकर आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोट से होने वाली मृत्यु को रोकने के उद्देश्य से पन्ना ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को निरंतर समझाइश दी जा रही है, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना जिले में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के तहत स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा, हेलमेट उपयोग, सीट बेल्ट, यातायात संकेतों के पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सकारात्मक चिंतन से मनुष्य जीवन में सदा रहता है खुश : बहन जी



**पन्ना।** पन्ना प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से चौमुख नाथ मंदिर सलेहा में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आध्यात्मिक चरित्र निर्माण प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर बहन जी ने सभी को बसंत पंचमी का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि मां सरस्वती से हमें प्रेरणा लेनी है, उनके समान शुद्ध ,निर्मल,पवित्र मन रखना है जब मन शुद्ध पवित्र होता है तो हमारे पास लक्ष्मी स्वत : आती है।इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व है।पीला रंग समृद्धि सफलता और खुशी का प्रतीक है।आगे उन्होंने कहा कि हमें मां सरस्वती से प्रेरणा लेनी है।अपने मन, वचन, कर्म को पवित्र रहना है।जब हमारे जीवन में पवित्रता आती है तो जीवन सुख शांति से भरपूर हो जाता है। मां सरस्वती को वीणा वादिनी भी कहा जाता है, वीणा तो सभी को बजाना नहीं आती है परंतु एक वीणा हम सभी के पास है वह है हमारा मुख तो हमें इससे सदा सुखदाई बोल ही बोलना चाहिये।हंस के समान पवित्र सकारात्मक विचार ही धारण करें अगर हम अपना जीवन सकारात्मक विचारों से भर लेंगे तो हमारे जीवन में सदा बहार रहेगी और हम सदा खुशहाल रहेंगे।

### कांग्रेस ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**विदिशा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि द। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि सुभाषचंद्र बॉस प्रभावशाली वक्ता और दूरदर्शी नेता थे।जिन्होंने देश के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया।सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित आज़ाद हिंद फौज और जय हिंद का नारा आज भी राष्ट्रीय गौरव की प्रेरणा देता है। पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने नेताजी को याद करते हुए कहा की सुभाष चंद्र बोस एक महान भारतीय क्रांतिकारी थे और वे नेताजी के नाम से जाने जाते हैं, जिन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया और आज़ाद हिंद फ़ौज का गठन कर भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविन्द देवलिया ने इस अवसर पर स्व. रघुवीर चरण शर्मा द्वारा नेताजी की प्रतिमा स्थापना में किये गए उनके प्रयासों को याद किया।उन्होंने नेताजी द्वारा स्वाधीनता के लिए संघर्ष को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

नगर निगम परिसर में 30 कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह

# महापौर और निगमाध्यक्ष ने नवयुगल को दांपत्य जीवन में प्रवेश की दी शुभकामनाएं

**समय जगत, कटनी।** नगर निगम कटनी कार्यालय परिसर का प्रांगण शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 30 कन्याओं के विवाह का साक्षी बना। जहां का नजारा अन्य दिनों से कुछ अलग रहा। यहां उत्सव और भव्य पूर्ण माहौल में वर और वधू पक्ष के रिश्तेदारों की चहल-पहल सुबह से ही देखने को मिली। वर एवं वधू के परिवार जन उत्साह के साथ रंग बिरंगे परिधानों में विवाह स्थल में पहुंच रहे थे। सुबह से ही खुशनुमा माहौल था। घराती और बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। इस कार्यक्रम के आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन ने संभाल रखी थी। विवाह का कार्यक्रम गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने



कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह धूमधाम से सम्पन्न होने पर गर्व महसूस होता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से अब बेटियां बोझ नहीं वरदान बनकर हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहीं है। प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। महापौर श्रीमती सूरी ने विवाह सूत्र में बंधने वाले नव दंपतियों को सफल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए सुख दुख में सहयोगी बनने की बात कही। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने भी वर-वधुओं के सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी एवं महिला पार्षदों ने कन्या पक्ष के परिवार जनों के साथ बैठकर विभिन्न रस्मों में उत्साहपूर्वक सहभागिता भी निभाई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रत्येक वधु को गृहस्थी का सामान खरीदने 49 हजार रुपए की राशि का चेक एवं विवाह प्रमाण पत्र का सांकेतिक रूप से वितरण किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं पार्षदों की ओर से नवयुगलों को उपहार एवं तुलसी का गमला भी भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान निगम प्रशासन द्वारा वर-वधू पक्ष के लोगों के लिए भोजन के पैकेट की व्यवस्था भी निगम प्रशासन द्वारा की गई थी।

# बसंत पंचमी पर्व पर मां सरस्वती का हुआ पूजन-अभिषेक



**खुरई।** .शास.पं.के.सी.शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय में बसंत पंचमी पर्व पर विद्यालय में स्थापित मां सरस्वती का पूजन,अभिषेक, वंदना की गई। डॉ विनोद राय शिक्षक ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व का भारत में गहरा सांस्कृतिक आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व है। आज के दिन ज्ञान, विद्या और रचनात्मक की प्रतीक देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था। सभी छात्र- छात्राएं शैक्षणिक सफलता के लिए देवी मां का आशीर्वाद लेते हैं। यह पर्व बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक भी है। आज के दिन पीले वस्त्र पहनना और केसरी हलवा और बूंदी के लड्डू जैसी पारंपरिक मिठाइयां बनाना उत्सव का अभिन्न अंग है। आज के दिन ज्ञान, विद्या, संगीत,कला और बुद्धि की देवी सरस्वती की पूजा करना है। इस अवसर पर प्राचार्य रविकांत असाटी, अशोक पाराशर, रामजी सिंह ठाकुर, एनपी तिवारी,संतोष सोनी, जीपी चौरसिया, श्री पटवा, विश्वनाथ त्रिपाठी, रामानुज तिवारी सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वेतन विसंगतियों के संबंध में दिया ज्ञापन

**समय जगत, विदिशा।** गत दिवस नर्सिंग अधिकारी संगठन के बैनर तले बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ अपनी समस्या लेकर कलेक्टोरेट पहुंचा और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में वर्ष 2019 के पश्चात जिन लोगों की ज्वॉइनिंग हुई है उन अधिकारियों का वेतन निर्धारण नियमों के अनुरूप पूर्ण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण किया जाए। नर्सिंग अधिकारी संगठन के बैनर तले बड़ी संख्या में जिला अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों के वेतन निर्धारण में स्पेशल इंक्रीमेंट का विकल्प उपलब्ध कराने की मांग को लेकर लोक स्वास्थ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष संध्या यादव, जिला उपाध्यक्ष पदमा नागेश्वर ने बताया कि जिला चिकित्सालय में वर्ष 2019 के बाद से जॉइन हुए नर्सिंग अधिकारियों



का वेतन का निर्धारण शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण से कर्मचारियों में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी नियम के अनुसार नर्सिंग अधिकारियों को विशेष वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना प्रावधान के अनुरूप है किंतु वर्तमान में पोर्टल पर वेतन निर्धारण जोड़ने हेतु कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। इस तकनीकी समस्या के कारण वेतन निर्धारण की प्रक्रिया बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि आईएफएमएस पोर्टल में आवश्यक तकनीकी में सुधार करते हुए स्पेशल इंक्रीमेंट का विकल्प शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। संबंधित विभाग कोर्स एवं लेखा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं ताकि नर्सिंग अधिकारियों का वेतन निर्धारण नियम अनुसार शीघ्र पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों से उनकी वेतन विसंगतियां होने के कारण उन्हें काफी नुकसान हो रहा है और शासन से मिलने वाले लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नर्सिंग अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# बुंदेली महोत्सव के आठवें दिन नृत्य प्रतियोगिताओं और खेलों ने बांधा समां

**दमोह।** बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली महोत्सव के आठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और पारंपरिक खेलों की शानदार श्रृंखला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तहसील ग्राउंड में आयोजित महोत्सव में दिनभर उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। शाम के समय सांस्कृतिक सत्र में जबलपुर से आए मानसी ग्रुप के कलाकारों ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद छाप तिलक, शिव स्तुति, डुएट शिव तांडव, हंसिका सोलो, देवी स्तुति तथा घूमर ग्रुप डांस सहित अनेक आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति पर दर्शक तालियों के साथ झूमते नजर आए। दोपहर के सत्र में रमा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, अनुलेख अग्रवाल एवं प्रगति जैन के निर्देशन में कलश आरती एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया। जिसमें लगभग 30 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को कार्यक्रम की अतिथि रोजी बग्गा द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं शाम के समय दिनेश प्यासी एवं भरत राय के निर्देशन में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालयीन स्तर के कार्यक्रम में राजपुरा कस्तूरबा गांधी छात्रावास की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी की सराहना प्राप्त की। महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं में स्पेशल कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौड़, लंगड़ी दौड़ एवं चेयर अरेंजमेंट दौड़ का आयोजन किया गया। इन खेलों में शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामकुमार स्कूल, केएन कॉलेज दमोह एवं जेबी स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। मेला खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी विकास जैन ने बताया कि सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण आयोजन सचिव प्रभात सेठ एवं अक्षत गोस्वामी द्वारा किया गया।

# विधायक मुकेश टंडन ने विद्या ब्राह्मी कल्प का स्वयं सेवन कर इस औषधि के उपयोग के लिये दूसरों को भी किया प्रेरित

**विदिशा।** बसंत पंचमी का पवित्र पावन दिवस भारतीय संस्कृति में ज्ञान की देवी सरस्वती के पूजन और वंदना के साथ प्रारंभ होता है तो वहीं भारतीय चिकित्सा के प्राण आयुर्वेद के अनुसार ब्राह्मी के सेवन का नियोग है, जो कि मनुष्य के ज्ञान की वृद्धि करने वाली औषधि है। उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने प्रातःकाल संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के द्वितीय समाधि दिवस की पूर्व बेला में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम के उपरांत द्वितीय चरण का शुभारंभ करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक मुकेश टंडन ने मुनि संघ के चरणों में




नमन करते हुये कहा कि मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का आशीर्वाद मिला और आपका भी आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था कि हमारे यहां की सरकारें पश्चिमी देशों के अनुसरण से चला करती थी, लेकिन आचार्य भगवान के आशीर्वाद के उपरांत जो सरकार बनी, उसमें हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि आचार्य भगवान विद्यासागर जी महाराज ने जो भी प्रकल्प शुरु किये उन सारे के सारे प्रकल्पों में सहयोग मध्यप्रदेश और केंद्र की सरकारें कर रही हैं। आचार्य गुरुदेव ने स्वदेशी वस्तुओं तथा व्यसनमुक्त समाज का आव्हान किया, उस संगठन के लोगों ने यह यात्राएं भी प्रारंभ कर दी है। कुटीर उद्योग एवं गौ शाला खोलने में सरकार तत्पर है तथा सुविधाएं प्रदान कर आचार्य विद्यासागरजी द्वारा बताये मार्ग का अनुसरण कर रही है। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने विद्या ब्राह्मी कल्प का स्वयं सेवन किया एवं सभी लोगों को उक्त औषधि करने की प्रेरणा दी। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि विदिशा नगर के समस्त 140 स्कूलों तथा आंगनवाड़ी के माध्यम से एवं नगर के सभी चौराहे पर आम जनता के लिये विद्या ब्राह्मी कल्प का टेंट लगाकर सेवन कराया गया।

शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रीति संजीव सूरी ने की अभिनव पहल

# अब प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होगी महापौर जनसुनवाई

**समय जगत, कटनी ।** शहर वासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल की प्रेरणास्त्रोत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में अब आगामी मंगलवार 27 जनवरी से नगर निगम कार्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिससे आम नागरिकों को अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। महापौर जनसुनवाई के दौरान नागरिक शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं सहित अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं, जैसे स्वच्छता, जलापूर्ति, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण, संबंधी शिकायतें एवं अन्य नगर निगम से जुड़ी समस्याएं सीधे प्रस्तुत कर सकेंगे। इस संबंध में उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का पंजीयन कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जाएगा



तथा शिकायतों के निराकरण की सतत समीक्षा भी की जाएगी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि यह पहल सुशासन, जवाबदेही एवं पारदर्शिता की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। जनसुनवाई के माध्यम से जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी और शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। नगर निगम प्रशासन की इस पहल का शहरवासियों ने स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो सकेगा।

## संपादकीय

# जैविक संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ियां हैं सभी जीव जंतु

तेलंगाना में करीब 100 कुत्तों को जहर खिलाकर मारने का मामला सामने आया है। हालाकि स्थानीय प्रशासन- पुलिस ने इस मामले में सख्त कार्यवाही की है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन समाज में बढ़ती ऐसी असहिष्णुता पर विचार किया जाना जरूरी है। वैसे भी प्रकृति में कोई भी जीव अनावश्यक नहीं है। कुत्ते,बिल्ली हाथी,घोड़े ये सभी केवल पालतू या आवारा प्राणी नहीं,बल्कि जैविक संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ियाँ हैं।कुत्ते चूहे जैसे रोग वाहक जीवों की संख्या नियंत्रित करते हैं, इलाके की सुरक्षा का संकेत देते हैं और मनुष्य के सबसे पुराने साथी रहे हैं। विडंबना यह है कि जो मानव प्रकृति कारक्षक होना चाहिए था,वही आज सबसे बड़ा भक्षक बनता जा रहा है। जनवरी 2026 से अब तक तेलंगाना में 500 से अधिक कुत्तों की हत्या की खबरें सामने आ चुकी हैं। ताजा मामलों में याचाराम गांव में लगभग100 कुत्तों को जहर देकर मार दिया गया,जबकि इससे पहले भी कई इलाकों में सामूहिक मौतें रिपोर्ट की गई थीं। कुत्तों को मारने में यदि यह जहर खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है,तो सवाल उठता है, क्या यह केवल कुछ व्यक्तियों की क्रूरता है या जिम्मेदारों की लापरवाही? हैदराबाद के सुराराम मार्केट मस्जिद के पास एक गली में आवारा कुत्तों द्वारा पांच वर्षीय बच्चेपर हमला हुआ, बच्चा घायल हुआ,उसेअस्पताल ले जाया गया। यह घटना गंभीर और चिंताजनक है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। लेकिन प्रश्न यह है,क्या एक घटना का समाधान 100 कुत्तों को मार देना है? क्या भय का जवाब जहर और हत्या हो सकता है? सभ्य समाज में समाधान भावनात्मक उन्माद से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक, कानूनी और मानवीय नीति से निकलता है। 13 जनवरी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह राज्यों की जवाबदेही तय करेगा,आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भूमिका पर भी विचार करेगा पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दे सकता हैन्यायालय ने यह भी माना कि पिछले पांच वर्षों में एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों का बेहद खराब क्रियान्वयन हुआ है। यानी समस्या कुत्तों की नहीं,शासन की असफलता की है। सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार दोनों ने स्पष्ट किया है कि एनिमल बर्थ कंट्रोल ही एकमात्र समाधान है। इसके अंतर्गतकुत्तों की नस, बंदीरेबीज टीकाकरण इलाके में वापस छोड़ना यह मॉडल न केवल कुत्तों की संख्या नियंत्रित करता है, बल्कि मानव-पशु संघर्ष को भी कम करता है। ऐसे में इन सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाना जरूरी है तथा जीव- जंतुओं की इस तरह से हत्याओं पर रोक लगनी चाहिये।

# वैश्विक स्थिरता के लिए छोटे राज्यों की संप्रभुता जरूरी

**अमित पांडेय**

दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मौजूदगी और ग्रीनलैंड पर उनके दावे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान क्यों इतना महत्वपूर्ण है। यह विवाद केवल अमेरिका और यूरोप के बीच का तनाव नहीं है, बल्कि पूरी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की दिशा तय करने वाला क्षण है। ग्रीनलैंड, जो डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा है, आर्कटिक क्षेत्र में अपनी सामरिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों के कारण लंबे समय से महाशक्तियों की निगाहों में रहा है। अमेरिका ने 1946 में भी ग्रीनलैंड को खरीदने का प्रस्ताव रखा था, जिसे डेनमार्क ने अस्वीकार कर दिया था। आज जब जलवायु परिवर्तन आर्कटिक को नए समुद्री मार्गों और खनिज संपदा के द्वार खोल रहा है, तो ग्रीनलैंड का महत्व और भी बढ़ गया है। यही कारण है कि ट्रम्प का दबाव और यूरोप का प्रतिरोध केवल वर्तमान राजनीति नहीं, बल्कि ऐतिहासिक निरंतरता का हिस्सा है। ट्रम्प का यह कहना कि यदि यूरोप ने उनके ग्रीनलैंड अधिग्रहण की राह में बाधा डाली तो वे अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे, केवल आर्थिक धमकी नहीं है। यह उस अमेरिकी नीति का हिस्सा है जिसमें सहयोगियों पर भी दबाव डालकर राष्ट्रीय हित साधने की कोशिश की जाती है। यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने स्पष्ट कहा कि यूरोप संवाद को प्राथमिकता देता है, लेकिन यदि आवश्यक हुआ तो कार्रवाई करने के लिए तैयार है। यह बयान यूरोप की उस नई आत्मनिर्भरता की दिशा को दर्शाता है जिसमें वह अमेरिकी दबाव से मुक्त होकर अपनी रणनीतिक पहचान गढ़ना चाहता है।

इतिहास हमें बताता है कि जब भी महाशक्तियों ने छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता को चुनौती दी है, तो वैश्विक असंतुलन पैदा हुआ है। 19वीं सदी में अफ्रीका और एशिया के उपनिवेशीकरण ने विश्व व्यवस्था को अस्थिर किया था। ग्रीनलैंड पर अमेरिकी दावे को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। यह केवल एक द्वीप का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह उस मूलभूत अधिकार का प्रश्न है कि किसी क्षेत्र का भविष्य उसके लोगों और वैध सरकार द्वारा तय किया जाएगा, न कि बाहरी दबाव से। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारर ने सही कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा और संप्रभुता मौलिक है। यह बात और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि आर्कटिक क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से बदल रहा है। नए समुद्री मार्गों के खुलने से रूस, चीन और अमेरिका जैसी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। ऐसे में ग्रीनलैंड का नियंत्रण केवल भूगोल का नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार और सुरक्षा का भी प्रश्न है। नाटो पर ट्रम्प के हमले और यूरोपीय सहयोगियों के प्रति उनकी अवमानना यह दिखाती है कि अमेरिका अपने पारंपरिक गठबंधनों को भी आर्थिक और सामरिक दबाव के औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। लेकिन यूरोप का यह कहना कि वह पूरी तरह तैयार है, एक नए संतुलन की ओर इशारा करता है। यह संतुलन शायद उस बहुध्रुवीय विश्व की ओर ले जाएगा जिसमें अमेरिका अकेला निर्णायक शक्ति नहीं रहेगा। यह विवाद हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या वैश्विक राजनीति अब केवल शक्ति से परिभाषित होगी या फिर संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान भी इसमें जगह बनाएगा। यदि अमेरिका ग्रीनलैंड पर दबाव बनाए रखता है और यूरोप प्रतिरोध करता है, तो यह संघर्ष केवल अटलांटिक के दोनों किनारों तक सीमित नहीं रहेगा। यह वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय करेगा। भारत जैसे देशों के लिए भी यह विवाद महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह दिखाता है कि छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता की रक्षा करना केवल नैतिक प्रश्न नहीं है, बल्कि यह वैश्विक स्थिरता का आधार है। यदि ग्रीनलैंड जैसे क्षेत्र पर बाहरी दबाव सफल होता है, तो यह मिसाल अन्य जगहों पर भी लागू हो सकती है। अंततः, ग्रीनलैंड विवाद हमें यह याद दिलाता है कि शक्ति का असली परीक्षण यह नहीं है कि कोई महाशक्ति कितनी भूमि या संसाधन पर कब्ज़ा कर सकती है, बल्कि यह है कि वह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में कितनी स्थिरता और न्याय सुनिश्चित कर सकती है। यूरोप का प्रतिरोध और अमेरिका का दबाव इस संघर्ष को और तीव्र करेगा। लेकिन इतिहास यही कहता है कि संप्रभुता और अधिकार की आवाज़ अंततः किसी भी सामरिक महत्वाकांक्षा से अधिक स्थायी होती है। यह क्षण वास्तव में एक चौराहे का है–जहां दुनिया को तय करना है कि वह शक्ति की राजनीति को स्वीकार करेगी या संप्रभुता और न्याय की रक्षा के लिए खड़ी होगी। ग्रीनलैंड केवल एक द्वीप नहीं है, यह उस वैश्विक बहस का प्रतीक है जिसमें भविष्य की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का स्वरूप तय होगा।

# राजमाता विजया राजे सिंधिया का सादा लिबास- स्वच्छ जीवन

## नजरिया

**25 जनवरी की तारीख एक बार पुनः राजमाता जी की स्मृति को ताजा कर रही है, राजमाता विजयाराजे सिंधिया यानी कि एक सर्वथा अनोखी शख्सियत जिसने सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उतरकर काफी लंबे अंतराल तक लोगों के दिल और दिमाग पर छाई रहने वाली इस महिला की लोकप्रियता को संसार का कोई पैमाना नहीं बांध सका है। सादा लिबास में रहने वाली राजमाता जी ने संघर्षों के सारे अपने व्यक्तित्व को एक विशाल आकार दिया। तमाम सारी बधाओ को नजर अंदाज कर आगे बढ़ती जाने वाली राजमाता विजय राजे सिंधिया आज भले ही हमारे बीच नहीं है। लेकिन उनकी याद एक खुशबू की तरह माहौल में समाई हुई है।**

**मुकेश तिवारी**

राजमाता विजया राजे सिंधिया का जन्म 12अक्टूबर 1919 को उनकी ननिहाल सागर में हुआ था, उनके पिता महेंद्र सिंह जालौन के डिप्टी कलेक्टर हुआ करते थे, वे अपने पिता की सबसे बड़ी संतान थी। दरअसल में उनके जन्म के 9 दिन पश्चात ही उनकी मां चूड़ा देवेश्वरी का सन्निपात ज्वर के कारण निधन हो गया था। ऐसी विषम परिस्थिति में लेखा दिव्येश्वरी का बाल्यकाल ननिहाल में ही गुजरा। यहीं पर उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा हुई। बाल्यकाल में इनका नाम लेखा था। इनका उक्त नाम इनकी नानी धन कुमारी ने रखा था। हालांकि उन्होंने कभी भी इस नाम से उन्हें संबोधित नहीं किया और न ही परिवार के किसी सदस्य ने इस नाम से उन्हें कभी पुकारा ,नानी हमेशा लेखा दिव्येश्वरी को नानी कहकर ही बुलाती रही, नेपाल की लोकभाषा में नानी का अर्थ होता है आंख की पुतली लेखा दिव्येश्वरी को नानी कहकर बुलाने के पीछे नाना नानी का यही अभिप्राय था,इनकी मां का निधन होने के पश्चात लेखा दिव्येश्वरी का लालन-पालन नाना - नानी की देखरेख में इनकी ननिहाल सागर में हुआ। सागर के नेपाल हाउस में रहकर उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। हालांकि लेखा दिव्येश्वरी कि मां चूड़ा दिव्येश्वरी के देहांत के पश्चात उनके पिता ने उन्हें अपने साथ जालौन ले जाने कि इच्छा जाहिर की। लेकिन इनके नाना -नानी इसके लिए राजी नही हुए। इस बात को लेकर कोर्ट कचहरी तक की नौबत आ गई। अंततः आपसी सहमति से यह तय हुआ कि ये 7 साल की होने तक लेखा नाना- नानी की देखरेख में सागर में ही रहेगी। लेकिन दुर्भाग्यवश जब लेखा महज 2 वर्ष की थी। तभी नाना का निधन हो गया। लेखा दिव्येश्वरी की नानी धनकुमारी धार्मिक आस्थाओं से ओतप्रोत एक सौम्य व सरल महिला थी। इस कारण लेखा का लालन-पालन धार्मिक वातावरण में हुआ। उन्होंने बाल्यकाल से ही लेखा दिव्येश्वरी को यही संस्कार दिए। नानी के संस्कारों में दीक्षित होकर वे उन्हीं की तरह धर्म प्राण बन गई। यद्यपि लेखा दिव्येश्वरी नानी जितने व्रत तो नहीं किया करती थी। लेकिन चतुर्मास में शाकाहारी भोजन करने लगती थी। मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात लेखा दिव्येश्वरी ने बनारस के बेसेट कॉलेज में दाखिला लिया। जहां सादा जीवन उच्च विचार का उसूल अमल में लाया जाता था। यहां से प्रेरित होकर उन्होंने फ्रांस और इटालियन से आयातित कपड़ों को



हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। जब लेखा दिव्येश्वरी के पिता का झांसी से मिर्जापुर स्थानांतरण हो गया तो उन्होंने लेखा दिव्येश्वरी का दाखिला आजमा बेला थाबर्न महिला कॉलेज लखनऊ में करा दिया। ,लेकिन वे यहां से बी ए की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकी क्योंकि ननिहाल और घर में उनके विवाह की तैयारियां प्रारंभ हो जाने के कारण उन्हें पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। नेपाल हाउस सागर में पली-बढ़ी लेखा दिव्येश्वरी की शादी 21 फरवरी 1941को मराठा रीति रिवाज से ग्वालियर रियासत के अंतिम शासक जीवाजी राव सिंधिया के साथ सरस्वती महल में संपन्न हुई। ,हालांकि इनकी शादी का सिंधिया रियासत के मराठा सरदारों ने खुलकर काफी विरोध किया। लेकिन जीवाजी राव सिंधिया ने विरोध की कतई परवाह नहीं की। शादी के पश्चात् वे सिंधिया राजघराने की परंपरा के मुताबिक लेखा दिव्येश्वरी से महारानी विजया राजे सिंधिया के नाम से चर्चित हुई। शादी के पश्चात उन्होंने 5 बच्चों को जन्म दिया,23 फरवरी 1942 को उन्होंने पहली पुत्री पद्मा राजे को जन्म दिया 31 अक्टूबर 1943 को उषा राजे और 10 मार्च 1945 को माधवराव सिंधिया को जन्म दिया इसके पश्चात 1953 में वसुंधरा राजे और 1954 में यशोधरा जी को जन्म दिया, राजमाता विजया राजे सिंधिया के पति जीवाजी राव सिंधिया कांग्रेस के कट्टर आलोचक थे। राजमाता सिंधिया कैलाश वासी पति जीवाजी राव सिंधिया ने भारत संघ में ग्वालियर राज्य का विलय करते समय चौवन करोड़ रुपए की विपुल धनराशि का कोष सरदार बल्लभभाई पटेल को सौंपा था। ग्वालियर में उस दौर में हिंदू महासभा का काफी दबदबा था ,स्थानीय कांग्रेसी इस बात से काफी घबराए हुए थे। कि ग्वालियर के महाराज कहीं प्रतिपक्ष के उम्मीदवार को चुनाव में अपना समर्थन न दे दे, आखिरकार राजमाता विजया राजे सिंधिया ने जवाहरलाल नेहरू के दवाब में 1957में कांग्रेस से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की। गुना संसदीय क्षेत्र से नामांकन पर्चा दाखिल कर उन्होंने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष बी जी देश पांडे को पराजित किया, हालांकि गुना से लगी हुई दोनों सीटें पर हिंदू महासभा के उम्मीदवार ने जीत हासिल की। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि राजमाता विजय राजे सिंधिया कांग्रेस की प्रत्याशी न होती तो कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया होता। राजमाता सिंधिया ने हिंदू महासभा को कमजोर करने के लिए पूरी ताकत लगा दी हालांकि आगामी सालों में इस क्षति की पूर्ति करने के लिए काफी परिश्रम करना पड़ा। एक दौर ऐसा भी आया कि जब वे राजनीति को पीछे छोड़ अपने पति और बेटे बेटियो में मगन हो गई , इसी दौरान उनके पति की डायबिटीज में इजाफा हो गया और दुर्भाग्य से महज 45 वर्ष की आयु में 9 जून 1961 को उनका मुंबई में देहावसान हो गया ,जिस वक्त उनके पति जीवाजी राव सिंधिया का निधन हुआ उनके इकलौते पुत्र माधवराव की आयु महज 16 वर्ष की थी। पति के निधन के पश्चात वे महारानी से राजमाता बन स्वेत वस्त्र में विधवा का जीवन बिताने लगी।

उन्होंने अपनी तमाम सारी इच्छाओं को तिलांजलि देकर धर्म को ही अपना ध्येय बनाया। हालांकि जब परिस्थितियों ने मोड़ लिया तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के राजनीति के महासमर में कूद पड़ी और अपना अधिकांश वक्त राजनीति को देने लगी। लेकिन धार्मिक कार्य पूजा-पाठ में कोई कमी नहीं आई। इसी बीच मध्य प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ कैलाश नाथ काटजू पंडित जवाहरलाल नेहरू का संदेश लेकर राजमाता के पास आए कि वे देश सेवा में पूर्ववत जुटी रहे। आप की सहूलियत के लिए आपका निर्वाचन क्षेत्र गुना से बदलकर ग्वालियर कर दिया गया है। नेहरू जी के द्वारा, राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय राजनीति में सक्रिय हो गई थी वर्ष 1957 में दूसरी लोकसभा के लिए सांसद चुनी गई थी। वर्ष 19 62 ,1971,1989एवं1991 में आप पुनः सांसद चुनी गई राजमाता तीसरी,पांचवीं, नौवीं एवं दसवीं लोकसभा के लिए सांसद के रूप में चुनी गई थी , वर्ष 1967 में आप मध्यप्रदेश विधानसभा की सदस्य भी रही एवं वर्ष 1978 में राज्यसभा सांसद रही।

वो यदि चाहती तो 1967मे ही मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बन सकती थी। इतना ही नहीं वे जब चाहती तब केन्द्रीय मंत्री से लेकर भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकतीं थीं लेकिन उन्होंने कभी भी किसी पद की अभिलाषा नहीं रखी। वही राजमाता विजयाराजे सिंधिया के इकलौते पुत्र स्व माधवराव सिंधिया भी केंद्र सरकार में अनेक महत्वपूर्ण विभागों में मंत्री रहे। ,इसी क्रम में उनकी एक बेटी वसुंधरा राजे सिंधिया राजस्थान की दो मर्तबा मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में भी मंत्री रह चुकी है। इसी तरह उनकी एक बेटी यशोधरा राजे सिंधिया मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद पर असीन रह चुकी है। इसी तरह उनका नाती ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्र सरकार में संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं, राजमाता जी जीवन की अंतिम श्वास तक अपने सत्याचरण देशभक्ति तथा आत्मत्याग के पथ पर चली ,वे इन विषयों पर सिर्फ उपदेश ही नहीं दिया करती थी अपितु यही उनका आचरण और व्यवहार था। 25 जनवरी 2001 को दिल्ली में देहावसान हो गया।

# आज का भारत: नेतृत्व की ओर बढ़ता गणतंत्र

**प्रो. आरके जैन**

26 जनवरी 2026 – भारत का 77वां गणतंत्र दिवस। यह केवल तिरंगा फहराने या परेड देखने का अवसर नहीं, बल्कि वह ऐतिहासिक दिन है जब भारत ने गुलामी की जंजीरें तोड़कर केवल आज़ादी ही नहीं, बल्कि स्वयं के शासन का संकल्प लिया। यही वह क्षण था जब राष्ट्र ने तय किया कि उसका भविष्य संविधान, न्याय और नागरिक चेतना से संचालित होगा। 26 जनवरी कोई साधारण उत्सव नहीं, बल्कि वह दिन है जब भारत अपने विवेक के सामने खड़ा होकर स्वयं से पूछता है कि क्या उसने अपने गणतंत्र को केवल स्मरण तक सीमित रखा है या उसे अपने जीवन का संस्कार बनाया है। यह दिन तिरंगे की गरिमा से पहले नागरिक के चरित्र और कर्तव्यबोध की परीक्षा लेता है। यह हमें याद दिलाता है कि आज़ादी अतीत की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्तमान की सतत जिम्मेदारी है, क्योंकि राष्ट्र का भविष्य शब्दों से नहीं, बल्कि हमारे आचरण और कर्म से निर्मित होता है। 1950 में संविधान के लागू होने के साथ भारत ने यह दृढ़ संकल्प लिया था कि यह राष्ट्र शक्ति के दबाव या भय के आधार पर नहीं, बल्कि न्याय, समानता और विधि के सिद्धांतों पर चलेगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर की चेतावनी आज भी उतनी ही प्रखर है कि संविधान की सार्थकता उसके अनुच्छेदों में नहीं, बल्कि उसे लागू करने वालों की नैतिकता में निहित होती है। सात दशकों से अधिक समय बीत जाने के बाद मूल प्रश्न यह नहीं रह गया है कि हमारे पास अधिकार हैं या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम उन अधिकारों की गरिमा को निभाने वाले उत्तरदायी नागरिक बन पाए हैं। भारत की प्रगति आज विश्व का ध्यान आकर्षित कर रही है और उसे नए दृष्टिकोण से देखने को विवश कर रही है। विज्ञान, अंतरिक्ष, डिजिटल संरचना और आर्थिक विस्तार ने यह प्रमाणित कर दिया है कि भारत असीम संभावनाओं का राष्ट्र है। वैश्विक मंचों पर भारत की उपस्थिति अब अधिक आत्मविश्वास और प्रभाव के साथ उभर रही है। नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता ने विकास के नए द्वार खोले हैं। स्वच्छ ऊर्जा, जैव आधारित अर्थव्यवस्था और निर्यात विस्तार ने प्रगति को नई दिशा और स्थायित्व प्रदान किया है। यह सब संकेत देता है कि भारत केवल आगे बढ़ने वाला देश नहीं, बल्कि नेतृत्व करने के लिए स्वयं को तैयार कर रहा है। विकसित भारत की परिकल्पना अब केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि स्पष्ट दिशा और ठोस लक्ष्य में बदल चुकी है। सम्मानजनक जीवन, सशक्त अर्थव्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा की चाह हर नागरिक के मन में गहराई से समाई हुई है। जब




विकास की योजनाओं में किसान, श्रमिक, वैज्ञानिक और सामान्य नागरिक समान भागीदारी निभाते हैं, तब प्रगति केवल दिखाई नहीं देती, बल्कि स्थायी रूप से जड़ें जमाती है। यह संकेत देता है कि विकास अब सीमित दायरों से बाहर निकलकर समाज के प्रत्येक स्तर तक पहुँचने का संकल्प कर चुका है। किन्तु इस प्रगति के उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी स्पष्ट दिखाई देती हैं। युवा बेरोजगारी आज सबसे गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। शिक्षित युवा अवसरों की प्रतीक्षा में हताशा और असमंजस का सामना कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था में कौशल, व्यावहारिक समझ और नैतिक मूल्यों की कमी साफ झलकती है। जब युवाओं को सही दिशा नहीं मिलती, तो उनकी ऊर्जा भटकाव में बदल जाती है। यह स्थिति केवल युवाओं के लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए चेतावनी है।

पर्यावरण संकट अब अनदेखा किया जाने वाला विषय नहीं रह गया है। वायु प्रदूषण, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन विकास की नींव को ही चुनौती दे रहा है। नदियों की बिगड़ती दशा और शहरों की विषैली हवा यह स्पष्ट कर देती है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए बिना प्रगति टिकाऊ नहीं हो सकती। आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी है। स्वदेशी और हरित तकनीकों को अपनाए बिना भविष्य को सुरक्षित नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार आज भी विकास पथ की सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। यह केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक स्वीकृति का रूप ले चुका है। जब नियमों को तोड़ना सामान्य व्यवहार बन जाता है, तब नैतिकता कमजोर पड़ने लगती है। इसके साथ ही जाति, धर्म और क्षेत्रीयता के नाम पर खींची गई रेखाएँ सामाजिक एकता को क्षति पहुँचाती हैं। विविधता भारत की पहचान है, लेकिन जब वही विभाजन का कारण बन जाए, तो गणतंत्र की नींव डगमगाने लगती है। गणतंत्र दिवस हमें यह गहरी समझ देता है कि अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहारे टिके हैं। कर्तव्य के बिना अधिकार अर्थहीन और कमजोर हो जाते हैं। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईमानदारी, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव को अपने आचरण का आधार बनाए। नफरत और अफवाहों के स्थान पर संवाद, सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देना ही सच्ची देशभक्ति का परिचय है। समस्याओं से मुँह मोड़ने के बजाय समाधान खोजने की सोच विकसित करना समय की माँग है। महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और ग्रामीण विकास राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। जब तक समाज का हर वर्ग सुरक्षित, सशक्त और सम्मानित नहीं होगा, तब तक प्रगति अधूरी ही रहेगी। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता आज के युग में राष्ट्रीय दायित्व बन चुके हैं। अनुशासन, परिश्रम और नैतिकता के बिना कोई भी राष्ट्र न तो स्थायी विकास कर सकता है और न ही विश्व को मार्ग दिखा सकता है। आज इस गणतंत्र दिवस पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम केवल आलोचना करने वाले नहीं, बल्कि सक्रिय सहभागी बनेंगे। हम विभाजन की नहीं, एकता और भाईचारे की राह चुनेंगे। हम अधिकारों की माँग के साथ कर्तव्यों के निर्वहन का साहस भी दिखाएँगे। जब भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होगा, तब विश्व उसे केवल समृद्ध ही नहीं, बल्कि नैतिक, संवेदनशील और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पहचाने – यही हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी परीक्षा है और यही उसका ऐतिहासिक उत्तरदायित्व।

# भारत की विविधता और विकास का उत्सव

**कांतिलाल मांडोत**

भारत में हर वर्ष पच्चीस जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन के महत्व और उसके सामाजिक सांस्कृतिक तथा आर्थिक प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। भारत विश्व के उन गिने चुने देशों में है जहां प्राकृतिक सौंदर्य ऐतिहासिक धरोहर आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विविधता एक साथ देखने को मिलती है। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस इन सभी विशेषताओं को सामने लाकर भारत को वैश्विक पर्यटन मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है। पर्यटन का उद्देश्य रोजगार और पहचान का विस्तार राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का मुख्य उद्देश्य भारतीय पर्यटन स्थलों का प्रचार करना है। इसके साथ ही पर्यटन उद्योग से जुड़े रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना भी इस दिवस का अहम लक्ष्य है।पर्यटन ऐसा क्षेत्र है जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आजीविका के अवसर पैदा करता है।इससे होटल परिवहन हस्तशिल्प स्थानीय बाजार और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया जीवन मिलता है।पर्यटन और भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूतीबनी रहती है।आज पर्यटन भारतीय अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है।यह क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करोड़ों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। पर्यटन के माध्यम से सरकार को हर वर्ष कर शुल्क और सेवाओं से बड़ी मात्रा में आय प्राप्त होती है।यह आय बुनियादी ढांचे सामाजिक योजनाओं और विकास कार्यक्रमों में उपयोग की जाती है।पर्यटन से बदलती तस्वीरजम्मू कश्मीर जैसे राज्य जहां औद्योगिक गतिविधियां सीमित हैं वहां पर्यटन आय का सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। पर्यटन से होटल टैक्स परिवहन शुल्क और स्थानीय उत्पादों की बिक्री के माध्यम से राज्य की आय तेजी से बढ़ रही है।पर्यटन ने इन क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं।इसके साथ ही सामाजिक स्थिरता और शांति को भी आर्थिक आधार मिला है। भारत सरकार ने स्वतंत्रता के तुरंत बाद पर्यटन के महत्व को समझ लिया था।वर्ष उन्नीस सौ अड़तालीस में पर्यटन यातायात समिति का गठन इसी सोच का परिणाम था। वर्ष उन्नीस सौ सड़सठ में पर्यटन मंत्रालय की स्थापना के बाद पर्यटन को संस्थागत पहचान मिली। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस इसी दीर्घकालिक नीति दृष्टिकोण का प्रतीक है।सरकारी पहलें और योजनागत प्रयासपर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं आरंभ की हैं। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत थीम आधारित पर्यटन सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अपने देश पहल ने घरेलू पर्यटन को नई दिशा दी है।राष्ट्रीय हरित पर्यटन मिशन ने पर्यावरण संरक्षण को पर्यटन नीति से जोड़ा है। कौशल विकास की कमीएक बड़ी चुनौतीबनी हुई थी।पर्यटन उद्योग एक श्रम प्रधान क्षेत्र है।इस क्षेत्र में सेवा गुणवत्ता का सीधा संबंध प्रशिक्षित मानव संसाधन से होता है। लेकिन वर्षों से प्रशिक्षित जनशक्ति की उपलब्धता पर्यटन क्षेत्र के विकास के अनुरूप नहीं रही है। इसका प्रभाव पर्यटकों के अनुभव और सेवा स्तर पर पड़ता है। अस्थिर पर्यटन प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डालता है।भारत के हिमालयी क्षेत्रों में जल वन और भूमि संसाधन पहले से ही सीमित हैं। पर्यटन गतिविधियों के कारण मृदा क्षरण प्रदूषण और जैव विविधता को नुकसान हो रहा है। यह स्थिति भविष्य के लिए गंभीर पर्यावरणीय संकट पैदा कर सकती ह जम्मू कश्मीर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्य अपनी पारिस्थितिक वहन क्षमता की सीमा तक पहुंच रहे हैं। यूपीएससी की परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न इस समस्या की गंभीरता को दर्शाते हैं। यदि पर्यटन विकास को संतुलित नहीं किया गया तो पर्यावरणीय क्षति अपरिवर्तनीय हो सकती है। इसलिए संरक्षण और विकास के बीच संतुलन अत्यंत आवश्यक है। भारत के कई पर्यटन स्थलों पर स्वास्थ्य स्वच्छता परिवहन और सुरक्षा सुविधाएं अपर्याप्त हैं। यह स्थिति विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में अधिक दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधुनिक अवसंरचना अनिवार्य है।इन क्षेत्रों में निवेश पर्यटन क्षेत्र को और मजबूत बना सकता है।

# माघ माह की बड़ी छठ पर नटेरन स्थित प्राचीन श्री भैरों बाबा मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का महासैलाब

## दूर-दराज़ से पहुंचे हजारों श्रद्धालु, साल में एक बार होता है भव्य धार्मिक आयोजन

**नटेरन।** माघ माह की बड़ी छठ के पावन एवं पुण्य अवसर पर नटेरन स्थित प्राचीन आस्था केंद्र श्री भैरों बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के से ही मंदिर परिसर जय भैरोंनाथ के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा और संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। इस पावन अवसर पर नटेरन क्षेत्र के आसपास के गांवों सहित दूर-दराज़ के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी-अपनी मनोकामनाएं लेकर मंदिर पहुंचे। भक्तों ने भगवान भैरोंनाथ के चरणों में ध्वज, नारियल,एवं प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगल कामनाओं की प्रार्थना की। परंपरा के अनुसार साल में केवल एक बार माघ माह की बड़ी छठ को ही नटेरन स्थित श्री भैरों बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन, भव्य कीर्तन-आरती, धार्मिक कथा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मंदिर को



आकर्षक विद्युत सज्जा एवं पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न कराए गए। कीर्तन-आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते नजर आए। वहीं कथा-प्रवचन में भगवान भैरोंनाथ की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मान्यता है कि माघ माह की बड़ी छठ पर भैरों बाबा के दर्शन एवं विधिवत पूजा से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण के लिए सुव्यवस्थित एवं आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। श्रद्धालु अनुशासन के साथ कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। इसके साथ ही आयोजित विशाल भंडारे में पंगत में बैठकर भोजन करते श्रद्धालुओं के चेहरों पर गहरी आस्था, संतोष और श्रद्धा का भाव स्पष्ट दिखाई दिया। भंडारे के दौरान सेवाभाव का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला, जहां सेवदार श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन परोसते रहे। मंदिर समिति, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्वच्छता, प्रसाद वितरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन नटेरन क्षेत्र का यह प्राचीन धार्मिक स्थल धार्मिक उल्लास, सामाजिक समरसता और भक्ति भावना से ओतप्रोत रहा। माघ माह की बड़ी छठ पर आयोजित यह पावन पर्व न केवल गहरी आस्था का प्रतीक बना, बल्कि आपसी भाईचारे, सेवा भाव और सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश भी देता नजर आया।

## घोड़ाडोंगरी में बदलेगी विकास की तस्वीर

# 210 किमी से ज्यादा नई सड़कें और दो बड़े पुलों को मिली मंजूरी

प्रतीक रघुवंशी- समय जगत

**घोड़ाडोंगरी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और वनांचलों के लिए विकास की एक बड़ी सौगात सामने आई है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वय से क्षेत्र में कनेक्टिविटी का जाल बिछाया जा रहा है। पिछले दो वर्षों के प्रयासों के बाद विधानसभा क्षेत्र में 210 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों और दो महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।



**योजनाओं का मुख्य विवरण:** सड़कों के इस जाल से न केवल दूरस्थ ग्रामों की दूरी कम होगी, बल्कि आदिवासी अंचलों को बारहमासी मार्ग की सुविधा भी मिलेगी।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना:** इसके तहत आगामी वर्षों में 153.75 किलोमीटर लंबी 56 सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना:** दुर्गम और छोटी बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए 37.84 किलोमीटर की 57 सड़कों को स्वीकृति मिली है।

**पुल निर्माण:** वर्षा काल में होने वाली परेशानियों को देखते हुए दो बड़े पुल स्वीकृत किए गए हैं-

**झोली-2 (चोपना रोड):** 120 मीटर लंबा पुल।

**धर्मपुर-नारायणपुर मार्ग:** 90 मीटर लंबा पुल।

गुणवत्ता और समय सीमा पर जोर

शुक्रवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक आर.के. जैन और विभागीय अधिकारी सोलंकी ने क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

घोड़ाडोंगरी का बड़ा हिस्सा वनांचल है, जहां सड़कें विकास की रीढ़ हैं। इन परियोजनाओं से ग्रामीणों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच आसान होगी। हमारा लक्ष्य क्षेत्र को सड़क कनेक्टिविटी में आदर्श बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्या महाविद्यालय छात्रावास समिति ने मनाया बसंत पंचमी पर्व



**खंडवा।** शुक्रवार को ज्ञान की देवी माता सरस्वती का प्राकट्योत्सव छात्र, छात्राओं और अध्ययन अध्यापन करने वाले के लिए प्रेरणा दिवस है। यह विचार खंडवा की माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की छात्रावास समिति की संयोजक डॉ अर्चना मुजमेर ने व्यक्त किए। छात्रावास अधीक्षिका डॉ सीमा मंडलोई ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कन्या छात्रावास में वसंत पंचमी पर्व परंपरानुसार मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं और सहायिका सुनीता सोनी ने एक दिन पूर्व परिसर में तैयारियां शुरू कर दी थी विशेष साफ सफाई करके सजाया गया। छात्राओं लक्ष्मी उईके,अंजली फरकले,पायल नीलकंठ,ऋतु और रोहिणी ने सुबह से आकर्षक रंगोली बनाई। मां शारदा की वंदना की गई। वसंत पंचमी के अवसर पर विशेष रूप से पीले रंग का महत्व माना जाता है। इसलिए पीली मिठाई प्रसाद के रूप में वितरित की गई। इस अवसर पर छात्रावास समिति की सदस्य डॉ गीता मेहरा,डॉ नीलू अग्रवाल,हिन्दी विभाग से डॉ मीनाक्षी खरे और तरुण दांगोडे , कार्यक्रम में शामिल हुए। समिति ने छात्रावास की छात्राओं को श्रेष्ठ जीवन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

### जनसेवा की मिसाल बना स्वस्तिक हॉस्पिटल का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**समय जगत, जबलपुर।** स्वस्तिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दीनदयाल चौक द्वारा रविवार को आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया। शिविर में 350 से अधिक मरीजों ने अत्याधुनिक जांच सुविधाओं एवं अनुभवी डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रविकरण साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हॉस्पिटल के निदेशक अशोक साहू एवं के.के. साहू द्वारा उनका स्वागत किया गया। अतिथि ने अस्पताल की समर्पित सेवाओं एवं मरीज-हितैषी दृष्टिकोण की सराहना की। शिविर की विशेष बात यह रही कि इसमें परामर्श लेने वाले मरीजों को 6 माह तक सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों से नि :शुल्क फॉलो-अप परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। स्वस्तिक हॉस्पिटल द्वारा उन्नत उपचार पद्धतियों, मल्टी-डिसिप्लिनरी केयर एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# तमिलनाडु और पंजाब पुलिस सहित देश की 20 टीमें दिखाएंगी दम

**समय जगत, इटारसी।** शहर के खेल इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने जा रहा है। विजयराजे सिंधिया खेल प्रशाल मैदान खेड़ा में 26 जनवरी से 1 फरवरी तक स्व. पंकज गोयल की स्मृति में भव्य राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को साई कृष्णा रिसॉर्ट में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति और फाइटर फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल ने प्रतियोगिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

### देश की नामी टीमें होंगी शामिल

अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश की लगभग 20 प्रतिष्ठित टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें मुख्य रूप से तमिलनाडु पुलिस, यंग हीरोज फुटबॉल क्लब वाराणसी, सेंट्रल रेलवे नागपुर, इंडियन लीग कोरबा, राजस्थान पुलिस, पंजाब पुलिस, मध्य प्रदेश की विभिन्न टीमें शामिल हैं।




**मैचों का समय और पुरस्कार:** प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 3 से 4 मैच खेले जाएंगे। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है। प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपए और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 31,000 रुपए और ट्रॉफी के अलावा बेस्ट स्कोरर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट गोलकीपर और मैन ऑफ द सीरीज जैसे व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान उपाध्यक्ष निपुण गोठी, कोच भागवत सिंह, मौसम रघुवंशी, जिला फुटबॉल संघ के सचिव दीपक परदेसी , नीलेश चौधरी, पप्पू चौधरी, महेंद्र मालवीय, नीरज यादव सहित आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। समिति ने बताया कि खेल मैदान को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है और दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को होगा और फाइनल मुकाबला 1 फरवरी को खेला जाएगा।

# ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार



**समय जगत, जबलपुर।** ट्रेनों मे चोरी करने वाले एक बदमाश मोहमद असलम को थाना जीआरपी जबलपुर द्वारा गिरफ्तार कर 2,26,000 रूपये के मोबाइल जब्त किये गये हैं।उसके पास से मोबाइल वीवो कंपनी का गोल्डन कलर का कीमती 21000 रूपये का एक मोबाइल, एमआई कपनी पिंक कलर कीमती 13000 रूपय मेमसंग कंपनी का नीले कलर का कीमती 14000 रूपये, टेक्नो ब्लू कलर कीमती 15000 रूपये,एक मोबाइल वीवो कंपनी का वाय 20 ब्लू आसमानी कलर कीमती 18000 रूपये, एक मोबाइल वीवो कंपनी का बाय 71 क्रीम गोल्डन कीमनी 10000, एक मोबाइन वीवो कंपनी का बाय 16 ब्लेक ग्रे कलर कीमती 20000 रूपये, एक मोबाइल रेडमी कंपनी का ए45जी ब्लेक बिना मिम का कीमत 18000 रूपये, एक मोबाइल रेडमी कंपनी का 12 फाइवजी क्रीम सफेद कलर कीमती 17000 रूपये,एक मोबाइल पोको कंपनी का स्काई ब्लू कलर कीमती 14000 रूपये, एक मोबाइल एप्पल आईफोन कंपनी का बिना सिम सफेद रंग कीमत 66000 रूपये कुल कीमती 226000 रूपये जीआरपी ने बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में सख्त कार्यवाही की जा रही है।

# बसन्त पंचमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**सिमरोल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतोदा में बसन्त पंचमी के उपलक्ष्य में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया, जिसमें बसन्त ऋतु के आगमन की खुशी और उत्साह को दर्शाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाला के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर किया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य राधेश्याम बघेल ने कहा कि बसन्त पंचमी का त्योहार हमें ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती की पूजा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिका निशा मालवीय ने भी बच्चों को बसन्त ऋतु के महत्व के बारे में बताया और उन्हें इस अवसर पर अपनी संस्कृति और परंपराओं को याद रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षकों ने किया।

# पीएम कालेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया बसंतोत्सव

**समय जगत, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस,स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के निर्देशन में सर्वप्रथम 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अवसर पर शासकीय अधिकारियों,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा शपथ ली गई। तत्पश्चात बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती,नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। इसी क्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संगीता बिले द्वारा विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताया तथा डॉ. राकेश सिंह परस्ते द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय की छात्रा रेशमा मालवीय द्वारा लोक गायन एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम का सफल संचालन बसंत सिंह राजपूत द्वारा किया गया तथा डॉ.देवेंद्र रोडगे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी मनीषा चौहान, रीना मालवीय, आयुषी सिसोदिया, अजय बिलारे, डॉ. आशा गायकवाड़,डॉ परिधि कनौजिया,डॉ शिवानी वर्मन,डॉ योगेश कुमार गौर, डॉ रविंद्र सोनपुरे, डॉ प्रियंका राय,डॉ बी एस पवार, डॉ अशोक पवार, सुभाष पस्टारिया, हरिनारायण जोशी सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# माहेश्वरी सोशल ग्रुप मातृ शक्ति ने सरकारी अस्पताल में दूध व बिस्कुट बांटकर की सेवा

**समय जगत, पिपरिया।** अमृत सेवा समिति द्वारा संचालित हो रहे सरकारी अस्पताल में शीत ऋतु में हर रोज सुबह सात बजे अमृत दूध बिस्किट सेवा वितरण के तहत माहेश्वरी सोशल ग्रुप मातृ शक्ति द्वारा दूध बिस्कुट सेवा वितरण किया गया। समाज की भलाई में सहयोग करने वाले माहेश्वरी सोशल ग्रुप द्वारा सुबह अस्पताल पहुंच कर सेवा की गई। अमृत सेवा समिति द्वारा संचालित अनेक सेवाओं में अनेक संस्थाओं का सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में माहेश्वरी सोशल ग्रुप मातृ शक्ति सेवा में सुबह अस्पताल पहुंच कर सेवा की गई। अमृत सेवा समिति सेवकों द्वारा सभी माहेश्वरी समाज मातृ शक्ति का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। सोशल ग्रुप मातृ शक्ति द्वारा अमृत सेवा समिति द्वारा संचालित अनेक सेवाओं में सहयोग करने की बात



रखी गई। ग्रुप में सीमा गट्टानी,रुचि सोडाणी, प्रीति भट्टर ,तृप्ति चांडक ,मोना मोहता , निधि राठी, पूजा हुरकट, रश्मि गोदानी, वर्षा गोदानी आदि शामिल हैं। अमृत सेवा समिति द्वारा सुबह दूध बिस्किट सेवा और शाम को अमृत भोजन सेवा वितरण किया जा रहा है । अमृत सेवक सुखदेव सिंह कालोटी ने बताया कि अमृत सेवा में इस शीत ऋतु में आखिरी नेकी की दीवार गांव मैली में आयोजित होगी। जिसमें सभी सहयोगियों से नेकी की दीवार में सेवाएं देने की अपील की गई है। अमृत सेवा में उदय राजपूत, मनोज सिलावट, मनोज नागोत्रा सुजीत पटवा ,प्रदीप बेलवंशी,गोपाल साहू संजय शुक्ला, सुभाष अग्रवाल बेनी प्रजापति संजय गुरु, राजू रघुवंशी यशु गंगेले अनुराग मालपानी कमलेश भाऊ आदि की सक्रिय सहभागिता है।

# सिंधी समाज की कड़ी आपत्ति के बाद लालवानी की अग्रिम जमानत याचिका की गई खारिज

**इटारसी।** प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनीता खजूरिया के न्यायालय ने सिंधी समाज के पदाधिकारियों के साथ अभद्रता और धमकी देने के आरोपी सन्नी लालवानी का प्रथम अग्रिम जमानत आवेदन (प्रकरण क्रमांक बी.ए./23/2026) निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने समाज की आपत्तियों और मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया।

**सिंधी समाज ने दर्ज कराई आपत्तियां:** पूज्य पंचायत सिंधी समाज इटारसी के पदाधिकारियों ने अधिवक्ता संतोष गुरयानी के माध्यम से न्यायालय में शपथ पत्र के साथ कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

**पदाधिकारियों के साथ अभद्रता :** आपत्तिकर्ता संजय मिहानी एवं पंचायत के संरक्षक व कार्यवाहक अध्यक्षों ने बताया कि आरोपी द्वारा सिंधी समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अनुचित शब्दों का प्रयोग किया गया।

**फोन पर अश्लील गालियां और धमकी:** 13 जनवरी 2026 को आरोपी ने फोन पर अत्यंत गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।

**सोची-समझी साजिश का आरोप :** समाज का तर्क था कि आरोपी शिक्षित है और उसे पता था कि ऐसे उत्तेजनापूर्ण व्यवहार से गंभीर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

**भ्रष्टाचार के झूठे आरोप:** आरोपी ने पूर्व में सिंधी समाज की पंचायत में भ्रष्टाचार के संबंध में झूठी शिकायतें की गई थी।

### न्यायालय की कार्यवाही और कानूनी आधार

आरोपी का नाम - सन्नी लालवानी

दर्ज अपराध - अपराध क्रमांक 31/26, धारा 105 बी.एन.एस.

**बचाव पक्ष का तर्क -** आरोपी को रंजिश के कारण झूठा फंसाया गया है और वह जांच में सहयोग हेतु तत्पर है।

एजीपी भूरेसिंह भदौरिया ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए इसे गंभीर प्रकृति का अपराध बताया। जिससे अग्रिम जमानत मिलने में सख्त बाधा आयी और आवेदन निरस्त हुआ।

**न्यायालय का अंतिम निष्कर्ष:** न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 105 बीएनएस के तहत दर्ज मामला गंभीर है। न्यायालय ने निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर जमानत याचिका खारिज की। पुलिस द्वारा मामले की जांच अभी जारी है और विवेचना पूर्ण नहीं हुई है।

**अपवादजनक स्थिति का अभाव :** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायदृष्टांतों के अनुसार, अग्रिम जमानत केवल अपवादजनक मामलों में दी जानी चाहिए, जबकि यहां ऐसी कोई स्थिति नहीं दिखी।

### स्वास्थ्य सुविधा को लेकर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के निर्देशन में समीक्षा बैठक संपन्न

**रतलाम।** शहर सहित जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा आमजन को मुहैया कराए जाने को लेकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य काश्यप के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। जिसमें रोगी कल्याण समिति सदस्य मनोहर पोरवाल, गोविंद काकानी, हेमंत राहोरी, सीएमएचओ डॉ. संध्या बेलसरे, एपीएम डॉ. गौरव बोरीवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला अस्पताल, बाल चिकित्सालय, एमसीएच के साथ मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली गई । जिस पर सीएमएचओ द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने के प्रति आश्वस्त किया गया। मंत्री काश्यप के प्रतिनिधि मंडल ने अस्पताल में चिकित्सकों के साथ दवाओं की उपलब्धता, एंबूलेंस सुविधा के साथ गंभीर मरीजों को रेफर किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली गई।

# बाल विवाह के सामाजिक, स्वास्थ्य, एवं कानूनी दुष्परिणामों के बारे में बताया

**समय जगत, हरदा।** नगर के विकास नगर स्थित मां शारदा विद्या हाई सेकेंडरी स्कूल में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती कमला सोनी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को शिक्षा का अधिकार ,स्वास्थ्य,सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं को प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती भल्लावी ने बाल विवाह मुक्त भारत के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बाल विवाह के सामाजिक,स्वास्थ्य एवं कानूनी दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। पर्यवेक्षक श्रीमती पूजा चौहान द्वारा उपस्थित बालिकाओं को स्वास्थ व पोषण पर चर्चा कर उनके कौशल विकास व दक्षता उन्नयन करने पर जोर दिया गया एवं विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा सोनी द्वारा बालिकाओं के करियर विकल्प, शिक्षा व भविष्य निर्माण पर चर्चा की गई।अंतिम दौर में प्रश्नोत्तरी कर प्रतिभागी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के राष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रम में प्राचार्य नरेंद्र सिंह तोमर,अध्यापिका शीतल शर्मा व स्टाफ शिक्षक, समाज सेविका श्रीमती कमला सोनी,प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती भल्लावी,पर्यवेक्षक पूजा चौहान एवं बालिका उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गुढ़ में प्रशासन अलर्ट

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने विधायक के साथ किया स्थल निरीक्षण

**रीवा।** आगामी 31 जनवरी 2026 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भैरवनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय नागेंद्र सिंह के साथ रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, वीआईपी प्रोटोकॉल, आमजन के लिए प्रवेश और निकास मार्ग, पार्किंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित



अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के लिए महत्वपूर्ण है, ऐसे में सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता के साथ करें। साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, एंबुलेंस की उपलब्धता तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। वहीं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। कार्यक्रम स्थल के आसपास यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी निगरानी जैसे बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया।

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में राजेन्द्र दास करेंगे गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने की आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

**रीवा।** बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेन्द्र दास जी महाराज गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर अपनी अमृतमयी वाणी से कथा करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्री राजेन्द्र दास जी की कथा से गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बल मिलेगा। गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में निर्देश दिए कि महाराज जी एवं उनके साथ आने वाले संतों के रूकने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक व्यवस्था से लेकर पार्किंग तथा प्रसाद वितरण आदि की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को दायित्व सौंपे



जाएं। प्रचार-प्रसार समिति आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। श्री शुक्ल ने कहा कि इस कथा में सभी की सक्रिय भागीदारी रहे। आयोजन स्थल में बनने वाला प्रसाद में प्राकृतिक खेती से उत्पादित अन्न व सब्जी का ही उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के संबंध में जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह सजगता से निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाराज श्री की कथा होगी। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एसडीएम सिरमौर श्रीमती दृष्टि जायसवाल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के सचिव डॉ राजेश मिश्रा, राजेश पाण्डेय, विवेक दुबे, केके गर्ग सहित संबंधितजन तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रीवा।** शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले में बालिकाओं एवं महिलाओं के सम्मान तथा सशक्तिकरण हेतु जिला स्तरीय बालिका तथा महिला सम्मान समारोह का आयोजन होटल स्टार में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय समारोह में मेधावी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही जिले के विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, विकासखण्ड में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, लिंग समानता, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह निषेध, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान रैलियाँ, जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र, चित्रकला, निबंध, भाषण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित गया। कार्यक्रम में श्रीमती ममता नरेन्द्र मिश्रा, नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कर्तव्य बोध दिवस गरिमामय तरीके से सपन्न



**रीवा।** म.प्र.शिक्षक संघ जिला रीवा द्वारा कर्तव्य बोध दिवस की श्रृंखला में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्र.1 रीवा के सभागार में गरिमामय तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रघुराज किशोर तिवारी रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् महाकौशल प्रान्त के महामंत्री चन्द्रकांत तिवारी, प्राचार्य जे.पी.जयसवाल, शिक्षक संघ के प्रान्त प्रमुख संस्कृत प्रकोष्ठ डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी, संभागीय अध्यक्ष सुदीप कुमार पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री विजय कुमार पाण्डेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत जिला उपाध्यक्ष डॉ.प्रियंका सिंह ने अपने गीत के माध्यम से किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक नामदेव द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.रघुराज किशोर तिवारी ने अपने कर्तव्य बोध विषय पर सारगर्भित उद्बोधन में छात्रों एवं शिक्षकों व शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्य एवं दायित्वों के प्रति समझ चाहिए प्रत्येक व्यक्ति के दो तरह के कर्तव्य है एक नैतिक कर्तव्य जिसके तहत अपने माता–पिता, परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए तत्पर रहना वहीं दूसरे तरीके का कर्तव्य संवैधानिक कर्तव्य जिसे मौलिक कर्तव्य के रूप में लिखित है उनका अनुसरण कर निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही राष्ट्र के प्रति समर्पण होगा वहीं राष्ट्रीय विचार धारा से ओतप्रोत संगठन म.प्र.शिक्षक संघ द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों, कर्तव्य बोध, गुरुवंदना, हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान, हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए संगठन, पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किये वहीं अ.भा.साहित्य परिषद महाकौशल प्रान्त के महामंत्री चन्द्रकांत तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के ऊपर तीन प्रकार के ऋण पर प्रकाश डालते हुए क्रमश: देव ऋण, ऋषी ऋण, पितृ ऋण को दृष्टिगत रखते हुए सभी ऋणों से मुक्त होने के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर प्रकृत, पर्यावरण की रक्षा अपने आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करने पर ही व्यक्ति का उद्धार हो सकता है। प्रान्त प्रमुख डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी ने म.प्र.शिक्षक संघ के संगठनात्मक विस्तार के विषय में विस्तृत ब्यौरा दिया। म.प्र.शिक्षक संघ जिला रीवा द्वारा तैयार अभिनन्दन पत्र का वाचन संभागीय अध्यक्ष सुदीप कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया तत्पश्चात् समस्त दायित्ववान पदाधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र से मुख्य अतिथि का अभिनन्दन किया गया। विनय दुवे मा.शि.मार्तण्ड क्र.1 रीवा द्वारा संगठन एकल गीत प्रस्तुत किया गया। अंत में म.प्र.शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने उपस्थित सभी जनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया एवं कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण द्विवेदी, अविनाश गौतम, सुशीला वर्मा, राममणि मिश्रा, विशाल शुक्ला, पवन पाण्डेय, नवीन झा, डॉ.राजेश शुक्ला, गंगा पाण्डेय, शरद कुमार द्विवेदी, रामपाल गौतम, संजय मिश्रा, सुरेन्द्र तिवारी, रामनारायण तिवारी, राहुल साकेत, लक्ष्मीकांत गर्ग, रजनीश द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, शशिभूषण मिश्रा, एस.एस.त्रिपाठी, शैलजा शर्मा, अंजू पाण्डेय, गुंजन पाण्डेय, पुष्पा मिश्रा, ऋचा पाण्डेय, सुभाषचन्द्र दुवे, चंदन सिंह, सुरेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिकायें एवं छात्र उपस्थित रहे।

### शहर में ऋषि प्रसाद पुस्तक का नि:शुल्क वितरण



**समय जगत, रीवा।** पूज्यपाद संत आशाराम बापू अहमदाबाद द्वारा संचालित योग वेदान्त सेवा समिति द्वारा हर वर्श की भांति इस वर्ष भी 23 जनवरी 2026 को रीवा जिला में ऋषि प्रसाद पुस्तक का नि :शुल्क वितरण शिल्पी प्लाजा, सिरमौर चौराहा, घोड़ा चौराहा, गुड़हाई, सब्जी मण्डी, बिरसिंहपुर मेला, सेमरिया मेला, बसामन मामा, बीड़ा, शाहपुर, करहिया, में लगभग 20,000 पुस्तकों का नि :षुल्क वितरण किया गया। जिसमें जबलपुर व रीवा के साधक भाई बहनों ने मिलकर पुस्तकों का नि :षुल्क वितरण किया गया। इसमें सभी साधक भाई एवं बहनों कैलाष आहूजा, बंषीधर वाधवानी, अषोक सर्राफ, संदीप गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, वंषिका तुलसानी, काषी खिलवानी, दिषा लालवानी, महिला समिति की अध्यक्ष मधु षिवनानी, विद्या पटेल, विद्या गुप्ता, लताबाई, वन्दना साहू, माया, वैशणवी साहू, मुस्कान पटेल, ममता रैकवार, प्रभा कोरी, प्रेमलता पटेल, माया सोनी, लता रघुवंषी, सुनीता झारिया आदि सभी साधक भाईयों एवं बहनों का सहयोग रहा।

# छोटे व्यापारियों को स्वनिधि के तहत अब मिलेंगे एक लाख



**रीवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यापारियों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 1 लाख लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ एवं ऋण वितरण का राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। रीवा में सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान शहर के लाभान्वित हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए। साथ ही विशेष अभियान के अंतर्गत 30 पात्र हितग्राहियों से क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन भी प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को पथ विक्रेताओं एवं छोटे व्यापारियों को बिना ब्याज के ऋ ण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया तथा इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लेखा समिति अध्यक्ष एवं पार्षद अमिता सिंह, पार्षद अंबुज रजक, नंदलाल ताम्रकार एवं दारा सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर निगम से उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एम.एस. सिद्दीकी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# शिल्पी प्लाजा में दिनदहाड़े बदमाशों का आतंक बाइक सवारों ने की जमकर तोड़फोड़

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज घटना

**रीवा।** शहर के हृदय स्थल और सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल शिल्पी प्लाजा में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने खुलेआम उत्पात मचाते हुए कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई इस सनसनीखेज घटना ने न सिर्फ व्यापारियों, बल्कि आम




नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो से तीन बाइकों पर सवार करीब आधा दर्जन बदमाश अचानक शिल्पी प्लाजा की पार्किंग में पहुंचे। सभी के चेहरे ढके हुए थे और उनके हाथों में डंडे थे। बिना किसी चेतावनी के उन्होंने पार्किंग में खड़ी कारों और दोपहिया वाहनों के कांच तोड़ना शुरू कर दिया। कुछ ही मिनटों में कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। अचानक हुए इस हमले से वहां मौजूद लोग सहम गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना उस समय हुई जब शिल्पी प्लाजा में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। दुकानदारों का कहना है कि बदमाशों का हौसला इतना बुलंद था कि उन्होंने दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके में इस वारदात को अंजाम दिया। हमले के दौरान किसी को चोट न पहुंचे, यह महज संयोग रहा, लेकिन मानसिक दहशत गहरी छोड़ गई। पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि घटना की सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद सिविल लाइन पुलिस सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। इतने संवेदनशील और व्यस्त इलाके में पुलिस की देरी ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। व्यापारियों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर पहुंच जाती, तो बदमाशों को पकड़ा जा सकता था।

घटना के बाद शिल्पी प्लाजा के व्यापारियों और वाहन मालिकों में भारी आक्रोश देखा गया। कई लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए नुकसान की भरपाई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि शिल्पी प्लाजा रीवा का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। ऐसे में इस तरह की घटनाएं शहर की छवि को भी धूमिल करती हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश या किसी विवाद से जुड़ा मामला होने की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस घटना के बाद आम नागरिकों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि जब शहर के सबसे सुरक्षित और व्यस्त इलाके में इस तरह की वारदात हो सकती है, तो बाकी इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। नागरिकों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से शिल्पी प्लाजा सहित प्रमुख बाजार क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# भारी वाहनों का बाजार में प्रवेश बना हादसों की बड़ी वजह

## लगातार हो रहे सड़क हादसों से नगरवासी परेशान, अव्यवस्थित यातायात पर उठे गंभीर सवाल

**रीवा।** बैकुण्ठपुर नगर में लगातार बढ़ते सड़क हादसों ने आम नागरिकों की चिंता को गंभीर रूप दे दिया है। नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों का दिन भर बेरोकटोक प्रवेश, संकरी सड़कों पर बढ़ता दबाव और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था अब जानलेवा साबित हो रही है। बीते कुछ दिनों में हुई घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के प्रमुख बाजार, तिराहों और क्रॉसिंग पर भारी वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति आम हो गई है। बाजार क्षेत्र में पहले से ही जगह कम है, ऊपर से हाइवा, ट्रक और बड़े मालवाहक वाहन जब प्रवेश करते हैं तो दोपहिया और पैदल चलने वालों के लिए खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बीते शुक्रवार को बरौं तिराहे के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार हाइवा और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। वहीं शनिवार को केपी तिराहे के पास एक ट्रक और कार की टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कार चालक और सवार लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। नगरवासियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन बाजार क्षेत्र और प्रमुख चौराहों पर छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोग घायल हो चुके हैं और कुछ को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा है।

स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों ने बताया कि सुबह से शाम तक भारी वाहन बाजार में घुस जाते हैं, जिससे न केवल जाम लगता है बल्कि ग्राहकों और दुकानदारों को भी परेशानी होती है। कई बार तो स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को निकलने में भी कठिनाई होती है। स्थिति को और गंभीर बनाता है बाजार क्षेत्र में ऑटो, ई-रिक्शा और ठेलों की मनमानी। नगर में बड़ी संख्या में ऑटो और ठेला संचालक बीच सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर सवारी बैठाते और उतारते हैं। कई जगहों पर ठेले सड़क के बीचो-बीच लगा दिए जाते हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित होती है। इसके चलते दोपहिया वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगरवासियों का आरोप है कि कई ऑटो चालक नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। न तो उनके लिए कोई निर्धारित स्टैंड है और न ही पार्किंग की व्यवस्था। बाजार में प्रवेश करते ही ऑटो सड़क के बीच खड़े हो जाते हैं, जिससे पीछे चल रहे वाहन आपस में टकरा जाते हैं। यही हाल ठेला व्यापारियों का भी है, जो व्यस्त सड़कों पर ठेले लगाकर यातायात को और अव्यवस्थित कर रहे हैं। बैकुण्ठपुर के बुजुर्ग नागरिकों और महिलाओं का कहना है कि सड़क पार करना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। भारी वाहन, तेज रफ्तार बाइक, बीच सड़क खड़े ऑटो और ठेले के कारण हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। बच्चों और स्कूली छात्रों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। नगर के सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए।

# जनपद सीईओ के निर्देश भी बेअसर, सचिव-सरपंच कार्यक्रम से बना रहे दूरी

**रीवा।** मध्य प्रदेश शासन के सांख्यिकी विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत तथा जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश के तत्वावधान में ÷ग्रामोदय से अभ्युदय तक÷ अभियान का आयोजन दिनांक 4 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जाना है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के अनुपालन में इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद पंचायत सीईओ एवं समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिवों को पत्र जारी कर कार्यक्रम आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर हालात चिंताजनक बने हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, कई ग्राम पंचायतों में सचिव एवं सरपंच न तो स्वयं उपस्थित हो रहे हैं और न ही किसी प्रकार की व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। जन अभियान परिषद द्वारा पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद पंचायत स्तर पर उदासीनता देखने को मिल रही है। परिणामस्वरूप अभियान को लेकर अपेक्षित सहभागिता नहीं बन पा रही है। कार्यक्रम में केवल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य ही सक्रिय नजर आ रहे हैं, जबकि पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय अमले एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति अभियान की मंशा पर सवाल खड़े कर रही है। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि जब जिला पंचायत सीईओ के आदेशों की अनदेखी हो रही है, तो जनपद सीईओ के निर्देशों को कौन सुनेगा? यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो शासन की महत्वाकांक्षी योजना कागजों तक ही सीमित रह जाने की आशंका है।

**जिला सीईओ के आदेशों की अवहेलना, ग्राम पंचायतों में नहीं हो रहा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का पालन**

## मऊगंज भाजपा जिला कार्यालय में हुई वीबी-जी रामजी की जिला स्तरीय कार्यशाला

# वीबी-जी रामजी योजना गांवों के समग्र विकास के संकल्प को करेगी साकार : विजय दुबे

**रीवा।** मऊगंज भारतीय जनता पार्टी रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे ने मऊगंज भाजपा जिला कार्यालय में में वीबी-जी रामजी की जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी-जी रामजी योजना गांवों के समग्र विकास के संकल्प को साकार करेगी। भाजपा सत्ता नहीं राष्ट्र सेवा और विचारों का सशक्त अभियान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वदेशी को बढ़ावा देकर गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ महापुरुषों को चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया संभाग प्रभारी नेकहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों का सशक्तिकरण ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने का मूल आधार है। वीबी-जी रामजी योजना जनजागरण अभियान मजदूरों को समय पर पारिश्रमिक दिलाने, पंचायतों को जवाबदेह बनाने तथा गांवों में पारदर्शी एवं सुशासित विकास व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं में बिचौलियों और भ्रष्टाचार के कारण श्रमिकों को उनका पूरा अधिकार नहीं मिल पाता




था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में तकनीक आधारित, पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली लागू होने से मजदूरों को सीधे उनके खाते में भुगतान सुनिश्चित हुआ है, जिससे गांवों में विश्वास और सम्मान की भावना मजबूत हुई है। भारतीय जनता पार्टी नामों की राजनीति नहीं, बल्कि काम, परिणाम और जनकल्याण की राजनीति में विश्वास करती है। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि योजनाओं में सुधार के साथ समय-समय पर नाम बदलते रहे हैं। श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई योजना का नाम पहले नरेगा था। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने इस योजना के जरिए वोट की राजनीति करने योजना में महात्मा गांधी जी का नाम जोड़ा था। पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था। अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी है। इस योजना में पहले अधिकांश फैसले केंद्र सरकार के स्तर पर होते थे। अब राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ा कर जवाबदेही बढ़ाई गई है। अब 50 प्रतिशत कार्यों का फैसला ग्राम पंचायतों में ही होंगे। महात्मा गांधी नरेगा में पक्के निर्माण का प्रावधान नहीं था, जिससे फर्जीवाड़ा की संभावना हमेशा बनी रहती थी। अब गांवों में पक्के निर्माण के साथ नाली, सड़क, स्व-सहायता समूहों के लिए शेड का निर्माण किया जा सकेगा।। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि मऊगंज जिले के हर गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं की टोली पहुंचकर योजना के नियमों से जन-जन को अवगत कराने में जुटी हुई है मऊगंज जिला के कार्यकर्ता जन-जन के बीच संवाद के माध्यम से आम जनों को इस योजना से जागरूक करने में जुटे हैं वहीं जिला प्रभारी के के तिवारी ने भी कार्यशाला को संबोधित कर जिला पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा समय देखकर ग्रामीण स्तर तक संदेश को पहुंचने की अपील की कार्यशालामें बरिष्ठ नेता श्री एस एस तिवारी, श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया जिलाउपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा प्रकाश चौरसिया नागिता गुप्ता, बंशगोपाल तिवारी जिला महामंत्री महेंद्र सिंह, प्रमोद यादव, महेश साकेत, जिला मंत्री वेदमणि कुशवाहा, स्वदीप सिंह चंद्रकांत मिश्रा, प्रियंका पटेल, सावित्री साहू, राधा कोल मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला, मुरलीधर द्विवेदी, अमित सिंह, मुन्द्रिका पटेल, विनोद कोल, विभा शर्मा, लवकुश सिंह, सुरेन्द्र गिरी, नागेंद्र पटेल, जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिंह सह कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष तिवारी आई टी सेल संयोजक विनोद द्विवेदी राममंणी शुक्ला, अशोक साकेत सहित मंडल महामंत्री एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री श्री चौहान करेंगे ध्वजारोहण

**आगर मालवा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड, आगर मालवा में गरिमामय रूप से आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं आगर-मालवा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान होंगे। मुख्य अतिथि श्री चौहान राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करेंगे। मुख्य समारोह का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। जारी पल-प्रतिपल कार्यक्रम अनुसार समारोह मे प्रातः 8:58 बजे मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन होगा, प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान, प्रातः 09:05 बजे परेड़ निरीक्षण, प्रातः 9:25 बजे मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्रातः 10:00 बजे शांति के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे छोड़े जाएंगे, प्रातः 10:05 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर, प्रातः 10:10 बजे परेड सलामी एवं मार्चपास्ट, प्रातः 10:25 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय, प्रातः 10:35 बजे लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों से भेंट एवं सम्मान, प्रातः 10:40 बजे मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति, प्रातः 10:45 बजे पीटी प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रातः 11:15 बजे झांकियों का प्रदर्शन, प्रातः 11:30 बजे पुरस्कार वितरण होगा और कार्यक्रम का समापन होगा।

## गोदाम पहुंचे धान के बोरे से निकल रहे पत्थर, वायरल वीडियो पर प्रशासन ने लिया संज्ञान

### कई सेंटर्स में हावी है अव्यवस्था, भ्रष्टाचार का है बोलबाला

**समय जगत, ब्यौहारी।** धान के बोरे से धान निकलते तो सभी ने सुना होगा लेकिन उसमे से पत्थर या रेता निकलते नहीं सुना होगा। लेकिन क्षेत्र में कुछ सेंटर ऐसे हैं जहां धान के बोरे धान की जगह पत्थर उगलने लगे है बार बार चेतावनी और आगाह किऐ जाने के बाद भी जिम्मेदार उदासीन बने रहे। ऐसे में धान के बोरे अब पत्थर और रेत उगल रहे है जैसे ही यह वीडियो वाय रल हुआ और वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुचा तो उन्हे भी सहसा विश्वास नही हुआ सच जानने उन्होने जाच टीम बनाकर तुरंन्त रवाना किया है अब देखना यह है कि जाच टीम इस वीडियो की पुष्टी करता है या इसे झूठा करार देती है ! पपौंध सहित कई धान खरीदी केन्द्रो से लगातार गडबडियो की खबरे आ रही थी लेकिन संज्ञान नही लेने के कारण इस क्षेत्र का धान खरीदी कारोबार एक बार फिर कलंकित हो तार तार हो गया है भले ही स्थानीय जिममेदार इस दाग को अच्छा बताने मे लगे हों पर संवेदनशील वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में सक्रिय हैं। उल्लेखनीय है कि बिगत दिनो कुआ अकुरी केअनुसुइया स्व सहायता समूह की धान गोदाम पहुची तो वहा के सर्वेयर ने जाच मे पाया कि बोरिया मे भरी धान की गुणवत्ता काफी खराब थी काले रंग के धान के नीचे बडे बडे ईटा पत्थर के टुकडे भरे हुऐ है इतना ही नही धान मे नमी की मात्रा 16,5 प्रतिशत पाई गई जबकि खरीदी के समय अधिकतम 14 नमी की ही अनुमति होती है ! धान परिवहन का कार्य कर रही शानू ट्रान्सपोट के



वाहनो से बिगत गुरूवार को दो ट्रक गोदाम पहुंचे थे जिनमे 1 ट्रक मे 7 सौ बोरी और दूसरे ट्रक मे 9 सौ बोरिया लदी थी जबकि एक दिन पहले बुधवर को 53 बोरिया की एक लाट मे ईट पत्थर और खराब धान पाऐ जाने पर गोदाम प्रभारी द्वारा गोदाम मे रखने से इंकार कर दिया था लेकिन सत्ता का संरक्षण ही कहे कि नागरिक आपूर्ति विभाग के वरिष्ट अधिकारियो द्वारा गोदाम मे खराब धान रखने का दबाव प्रेसर बनाया गया ! अधिकारियो ने यह कहते हुऐ गुणवत्ता जाच से पल्ला झाड लिया कि गोदाम का काम केवल तौल और भण्डारण का है ! इस पूरे मामले की तह तक जाने के बाद पता चला कि नान की निगरानी ब्यवस्था और सर्वेयरो की भूमिका मे पूरी दाल ही काली है ! एमयस उपाध्याय प्रबंधक नान ने बताया कि सूचना मिलते ही पंचनामा तैयार कर लिया गया है जिला आपूर्ति अधिकारी के नेत्रत्व मे कल अधिकारी जाच मे जाऐंगे ! कमोवेश यही हाल तिखवा के गंगा स्वसहायता समूह और जनकपुर के दोनो सेन्टरो का भी है लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत से यहा कार्यवाही नही हुई खरीफ सीजन समाप्ति की ओर है लेकिन लूट भ्रष्टाचार और शोषण अभी भी बदस्तूर जारी है ! गौरतलब है कि कुआ मे गत वर्ष मेमोरियल समूह को भी खरीदी का जिम्मा मिला था लेकिन उसने भी घोटाला हुआ था अब अनुसुइया समूह इसी सिक्का का दूसरा पहलू है यदि गडबड हुआ तो अभी एक और समूह कागज में बना तैय्यार है।

**इनका कहना है–**

जैसे ही मुझे जानकारी मिली मैने पंचनामा तैय्यार करवा लिया है जाच के लिए टीम गठित कर भेजी गई है प्रतिवेदन आ जाय कार्यवाही की जाऐगी !

**(यमयसउपाध्याय प्रबंधक नान शहडोल)**

## जिले के कंजर डेरों पर आबकारी ने छापेमारी कर अवैध शराब कारोबार पर कसा शिकंजा

### 10 लाख की कच्ची शराब व लहान नष्ट



**दतिया।** पवित्र नगरी दतिया में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई जिससे कंजर डेरों में हड़कंप मच गया। यह विशेष अभियान जिला आबकारी अधिकारी बीएल दांगी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामकुमार सूत्रकार के निर्देशन में नियंत्रण कक्ष प्रभारी अनिरुद्ध खानवलकर एवं आबकारी उपनिरीक्षक केतन भाबर के नेतृत्व में वृत्त दतिया 'ए' अंतर्गत सनोरा एवं नौनेर कंजर डेरों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान सनोरा कंजर डेरा क्षेत्र में जमीन के अंदर गाड़कर रखे गए 6 ड्रमों में लगभग 1200 किलोग्राम गुड़ लहान एवं 2 ड्रमों में 400 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा मिली जिन्हें निकालना संभव न होने के कारण मौके पर ही नष्ट किया गया। इसी स्थान पर 10 ड्रमों में 2000 किलोग्राम गुड़ लहान एवं 2 ड्रमों में 400 लीटर कच्ची मदिरा भी जमीन में गड़ी हुई पाई गई, जिसे नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त 40 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा मौके से जप्त की गई। एक अन्य स्थान पर लगभग 3000 किलोग्राम गुड़ लहान एक गड्ढे में भरी हुई मिली, जिसे भी मौके पर नष्ट किया गया। नौनेर कंजर डेरा क्षेत्र में की गई कार्रवाई में जमीन में गड़े 9 ड्रमों में 1800 किलोग्राम गुड़ लहान एवं 1 ड्रम में 200 लीटर कच्ची मदिरा मिली, जिन्हें नष्ट किया गया तथा 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। कुल मिलाकर लगभग 1000 बल्क लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा, 8000 किलोग्राम गुड़ लहान, 31 ड्रम, एक मदिरा बनाने की मशीन एवं दो परात मौके पर नष्ट की गई तथा 70 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधन 2000) की धारा 34(1)(स्र) एवं 34(1)(् ) के तहत कुल चार प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। जप्त एवं नष्ट सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 10 लाख 55 हजार रुपये आंका गया है। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक संजय शर्मा, विकास पाठक, लक्ष्मीनारायण मांझी, विकास साहू, महिला आबकारी आरक्षक खुशबू रघुवंशी, याशनिका यादव सहित एसडीओपी विनायक शुक्ला, थाना जिगना से उपनिरीक्षक श्रमती रचना माहोर एवं पुलिस बल का सराहनीय योगदान रहा।

## श्री हिंदू उत्सव समिति का सनातनी सदस्यता अभियान 2 फरवरी से होगा प्रारंभ



**समय जगत, भोपाल।** नगर में सनातन संस्कृति, परंपरा और हिंदू उत्सवों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सक्रिय श्री हिंदू उत्सव समिति (रजि 63) भोपाल द्वारा एक भव्य सनातनी सदस्यता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया यह अभियान आगामी 2 फरवरी (रविवार) को प्रात: 11:00 बजे से दुर्गा मंदिर, पटेल नगर भारत टॉकीज परिसर में विधिवत रूप से शुभारंभ होगा। समिति द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक सनातनी भाई– बहनो को संगठन से जोड़ना और सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाना है। समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी एवं समस्त पदाधिकारियों ने नगरवासियों से आह्वान किया है कि वे इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लें और सनातन संस्कृति के संरक्षण में सहभागी बनें। सदस्यता ग्रहण करने के इच्छुक व्यक्तियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी (जिस पर स्वयं का मोबाइल नंबर लिखा हो) साथ लाना अनिवार्य होगा। सदस्यता शुल्क 700 निर्धारित किया गया है, जिसे जमा कर कोई भी व्यक्ति हिंदू उत्सव समिति का सक्रिय आजीवन सदस्य बन सकता है। समिति का कहना है कि सदस्यता के माध्यम से न केवल धार्मिक आयोजनों को संगठित स्वरूप मिलेगा, बल्कि समाज में सांस्कृतिक चेतना, एकता और सेवा भाव को भी नई दिशा प्राप्त होगी। समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने सभी सनातन प्रेमी नागरिकों से एवं समिति के सभी पदाधिकारियों से समय पर उपस्थित होकर इस पावन अभियान को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता संदेश नेमा ने दी है।

## सार संक्षिप्त

### केंद्रीय विद्यालय आगर मालवा में धूमधाम से मनाया गया पराक्रम दिवस



**आगर मालवा।** पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य पर में शुक्रवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आगर मालवा में परीक्षा पे चर्चा पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके तहत् जिले के 6 विद्यालयों के 100 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा द्वारा किया गया। उसके पश्चात् विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत् ऑपरेशन सिंदूर शीर्षक पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सुसनेर के रूद्र बैरागी ने प्रथम स्थान, पीएम श्री केंद्रीय आगर मालवा और नीलकंठेश्वर कांवेंट हाई स्कूल के सारांश श्रीवास्तव, शुभम अजमेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री केंद्रीय आगर मालवा और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सुसनेर के विद्यार्थी पवन दांगी व निशा सिसोदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भाण्डेर विधायक फूल सिंह बरैया के वक्तव्य पर फैलाये जा रहे भ्रमों का खंडन, पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष रामू गुर्जर ने रखा विधायक का पक्ष



**दतिया।** भाण्डेर विधायक फूल सिंह बरैया के हालिया वक्तत्व को लेकर प्रदेश में जो ब्यानवाजी हो रही है उसको ने सिरे से नकारते हुए पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष रामू गुर्जर ने विधायक का पक्ष मीडिया के माध्यम से जनता के बीच रखते हुए कहा कि जिस प्रकार महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध अर्थ निकालकर भाजपा नेता भ्रम और शंकाएं खडी की जा रही है वह न केवल तथ्यहीन है बल्कि सामाजिक न्याय से जुड़ी मूल बहस को भड़काने वाला भी है। वास्तविकता यह है कि विधायक श्री वरैया द्वारा कही गई बातें महिलाओं की सम्मान की रक्षा और जातिगत शोषण को उजागर करने के संदर्भ में थी। भारत में कुछ प्राचीन व अर्थ प्राचीन ग्रंथो, किताबों में शुद्र, एससीएसटी, ओबीसी वर्गों को केवल सेवक या दास मानकर उनके शोषण को वैध ठहराने वाली बातें लिखी गई हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण है, ऐसी पुस्तक आज भी प्रतिबंध नहीं है बल्कि प्रचलन में हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के वक्तत्व को तोड़ मरोड़ कर नहीं बल्कि उनके संदर्भ को समझते हुए सत्य को असत्य नही किया जाए। सत्य कहने का साहस ही लोकतंत्र और समाज व्यवस्था को बचा सकता है। महिलाओं के सम्मान संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए यह संघर्ष केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।

### पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने स्व. श्रीमती राजकुमारी देवी को दी श्रद्धांजलि



**दतिया।** सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने शनिवार को बडौनी में माधोसिंह बुन्देला की काकी साहब स्व.श्रीमती राजकुमारी देवी पत्नी धर्मपाल सिंह बुन्देला के निधन पर बडौनी हबेली स्थित निवास पर पहुंच कर शोकाकुल माधोसिंह, नरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह एवं अन्य परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्व. श्रीमती राजकुमारी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं समाज के लिए उनके योगदान को याद किया। इसके पश्चात श्री सिंह ने ग्राम सुनारी निवासी समर सिंह रावत के भतीजे के दु:खद निधन होने पर ग्राम सुनारी पहुंच कर शोकाकुल समर सिंह रावत एवं अन्य परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सिंह के साथ केपी यादव उपस्थित रहे।

## 84 हनुमान दर्शन यात्रा व मां जालपा परिक्रमा यात्रा का हुआ शुभारंभ



**राजगढ़।** राजगढ़ नगर में 84 हनुमान दर्शन यात्रा समिति के तत्वावधान में सकल हिंदू समाज राजगढ़ द्वारा दर्शन हेतु पैदल यात्रा व मां जालपा पर्वत परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत हनुमान जी के 84 विभिन्न स्वरूपों वाले मंदिरों की यात्रा नगर के श्रद्धालुओं के साथ पैदल यात्रा की जाएगी यह आयोजन आमजन में हिंदू समाज में जागरूकता लाने और अपनी प्राचीन धरोहरों को सहेजने और इनका महत्व समझने के लिए उपरोक्त परिक्रमा की जाएगी इसी को लेकर आज शनिवार 24/01/2026 से 84 हनुमान दर्शन यात्रा की शुरुआत की गई जो की शहर के गणेश मंदिर गणेश छतरी पर पहुंचकर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया और पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारंभ हुई जो की शहर के में मार्केट के हनुमान मंदिर के दर्शन कर मार्केट होते हुए पिटी कंपनी हनुमान मंदिर पहुंचे वहीं से आगे बढ़ते हुए पाटी माता जी मंदिर,बमबम आश्रम,जेल रोड,नागर मोहल्ला हनुमान मंदिर दर्शन कर यात्रा का समापन शंकर कॉलोनी मंदिर पर हुआ द्य

यात्रा में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ,गजेंद्र सिंह बना, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, संदीप सोनी, मनोज ठाकुर, संजय गुप्ता, भानु जकोदिया, रघुराज भूषण, कैलाश प्रजापति, रवि राठौर, मनीष, कृष्णपाल सिंह, प्रशांत शर्मा, साकेत शर्मा, शैलेश गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बच्चियों का किया गया सम्मान



**टीकमगढ़।** विवेक श्रुति केनिर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम बल्देवगढ़ परियोजना कार्यालय राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्रीमती भारतीय मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया सबसे पहले सरस्वती पूजन किया परियोजना अधिकारी महेश कुमार दोहरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार का स्वागत किया गया स्वागत उपरांत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विचार व्यक्त करते हुए बताया की समाज में बच्चियों के प्रति भेदभाव को खत्म करना एवं उनके शिक्षा स्वास्थ्य लैंगिक समानता, को बढ़ावा देने के लिए समाज को जागरूक होना चाहिए भारती मिश्रा द्वारा बच्चियों के स्वास्थ्य के बारे में बताया कि बच्चियों का हीमोग्लोबिन सही होगा तो बालिका स्वस्थ होगी बाल विवाह 18 साल से अधिक उम्र में करना चाहिए तहसीलदार अनिल गुप्ता द्वारा बच्चियों के शिक्षा एवं पोषण के बारे में ध्यान रखने की जरूरत है बच्चियों पड़ेगी तो समाज आगे बढ़ेगा में अंत में कामिनी लोधी कक्षा 10 में 90त्न अंक, हर देवी यादव कक्षा 12 में 84त्न, द्मद्धड्ड4ड्ड ह्यद्धश्रह्ल खो-खो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, साक्षी पांडे गोला फेंक में चयनित, सीमा अहिरवार कक्षा 10 में 80त्न होने पर बच्चियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गई सभी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन लिया गया और उनका कार्ड बनाया गया इस अवसर पर पर्यवेक्षक अनुरंजना,वर्मा रीना श्रीवास्तव,गिरिजा साहू स्टाफ के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।




**समय जगत, ग्वालियर।** ग्वालियर प्रेस क्लब का पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## विधिक साक्षरता शिविर में छात्रों को मिला कानून का ज्ञान, अपर सत्र न्यायाधीश ने किया मार्गदर्शन

**समय जगत, सिरोंज।** विधिक सेवा समिति, द्वारा शनिवार को निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल, सिरोंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार पांडेय ने की। शिविर को संबोधित करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश श्री पांडेय ने विद्यार्थियों को विधिक एवं कानूनी विषयों की जानकारी देते हुए उनके मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा कानून के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कानून की सही जानकारी ही समाज को न्यायपूर्ण और सशक्त बनाती है तथा युवा पीढ़ी को शुरू से ही अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना चाहिए। एंव पी.एल.वी अहद पठान ने समिति की कार्य प्रणाली विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नायब नाजिर अमित चौबे, पी.एल.वी. समीर कुरैशी, आहद पठान सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को विधिक ज्ञान अपनाने, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने और समाज में न्याय के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। शिविर के अंत में विद्यार्थियों ने कानून से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में समाधान किया। आयोजन को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया गया।

### बसंत मेला महोत्सव में शामिल हुए श्री शर्मा, विधायक निधि से भोजन शाला निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

**सिरोंज।** तीन दिवसीय बसंत मेला महोत्सव के अवसर पर श्री तारण तरण दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र सेमलखेड़ी पहुँचकर विधायक उमाकान्त शर्मा द्वारा बसंत मेला महोत्सव के अवसर पर विधायक निधि से निर्मित भोजन शाला निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर तारण समाज के बंधुगण, जनप्रतिनिधिगण, पार्षद आदि उपस्थित थे।

### मां बिजासन धाम दीपना खेड़ा में लगा मेला

**सिरोंज।** सिरोंज से 40 किमी दूर मां बिजासन धाम दीपना खेड़ा में आज माघ महीने की छत गुप्त नवरात्रि में भव्य मेले का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों में मां बिजासन के दर्शन किए माता बहनों के मेले में जमकर की खरीदारी की बही बच्चों ने भी मेले आए झूलो का लुप्त उठाया ये मेला साते यानी कल भी भरा रहेगा यहां की ऐसी मान्यता है कि यहां साल में एक बार बहन बेटी कही भी ही आज के दिन यानी माघ की छत दिन यहां आती है पूजापाठ करती है बच्चों के मुंडन कराती और मां के नाम की बेल बनवा कर पूरा परिवार साल भर बेल को धारण किए रहते हैं इस मेले का इतिहास चार सो साल पुराना है आज ही के दिन हुलास राव नामक व्यापारी थे जो गांव गांव करने जाते आज के दिन वह व्यापार करने गए थे तो मां कन्या का रूप हुलास राव को मिली और उनके साथ सिरोंज तकसील के काला देव गांव से यहां आई थी तभी से यहां मेला भरता आ रहा है यहां पहला नारियल भी काला देव का ही चढ़ता है उसके बाद और लोगों के नारियल चढ़ते हैं रात 12 बजे महा आरती होती है आरती में भी भारी संख्या में लोग आरती में शामिल होते है।।

## शीतला माता मेले का विधायक श्री अग्रवाल ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**दतिया।** भांडेर रोड इंदरगढ़ स्थित मां शीतला मेला महोत्सव का शुभारंभ सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत इंदरगढ़ की अध्यक्षा श्रीमती गौरी राम स्वरूप मंडेलिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राम लखन सिंह गुर्जर, सुनील बुधौलिया, राजेश दांतरे, राम बहादुर सिंह गुर्जर, अनूप दांतरे, सुजान सिंह रावत, अखिलेश मुद्गल, राममिलन गुप्ता, संतोष महते, अमजद खान, राघवेंद्र सिंह जाट, हर नारायण सैन, लोकेंद्र यादव, चंदन सिंह गुर्जर, पहलवान कुशवाहा, सोनू गुप्ता, जोगेंद जाट, पवन पाठक, संतोष खटीक, संजीव कुशवाहा सहित युवा नेता सागर अग्रवाल एवं उनकी टीम मौजूद रही। मेला आयोजन समिति द्वारा विधायक प्रदीप अग्रवाल का माल्यार्पण कर साफा बांधकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि ज्ञान वर्धक भी होते हैं। यहां बच्चों को नई-नई चीजें सीखने का अवसर मिलता है व्यापारियों को व्यापार और नागरिकों को एक ही स्थान पर विविध वस्तुएं उपलब्ध होती हैं। मेले सामाजिक मेल-मिलाप, संस्कृति और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले भारतीय जीवन के अभिन्न अंग हैं। कार्यक्रम के पश्चात विधायक ने अतिथियों के साथ मेले का भ्रमण कर निशानेबाजी में भी हाथ आजमाया। कार्यक्रम का संचालन रामस्वरूप मंडेलिया ने किया।

# आदिवासी अंचल प्रतापगढ़ से प्रारंभ हुई विशाल चुनरी यात्रा राजराजेश्वरी देवी के मंदिर ग्राम फुलमार पहुंची, विधायक देवेंद्र पटेल हुए चुनरी यात्रा में शामिल

**सिलवानी।** आदिवासी अंचल ग्राम प्रतापगढ़ से शनिवार को आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ प्रतापगढ़ स्थित हनुमान मंदिर से हुआ जो लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए राजराजेश्वरी देवी खेड़ापति माता मंदिर, फुलमार पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने माता रानी को भव्य चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल भी चुनरी यात्रा में शामिल हुए। यात्रा



के दौरान चल रही श्रद्धालु माताओं-बहनों पर विधायक पटेल ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। फुलमार पहुंचकर उन्होंने राजराजेश्वरी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना व आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर विधायक देवेंद्र पटेल ने राजराजेश्वरी मंदिर के सहयोग हेतु 51 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं को निरंतर प्रोत्साहन दिया जायेगा।

# बेकाबू होकर पलटी पिकअप, 14 घायल

**खरगोन।** जिले के खापरजामली में शनिवार दोपहर रिश्तेदारों से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 16 लोग जख्मी हुए है, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार पिकअप हादसे में करीब 16 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। उपचाररत घायलों ने बताया सभी गोपालपुरा टेमरनी निवासी होकर



आपस में रिश्तेदार है। शनिवार को ग्राम के भय्यू पिता रेलसिंग के विवाह उपरांत देजा रस्म निभाने पिकअप में सवार होकर सिरवेल में भय्यू के ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान हादसे के शिकार हो गए। घायलों को निजी वाहन सहित 108 से अस्पताल लाया गया। पिकअप हादसे में सुनील देवरिया, राजेश उंकार, मदन रेवाराम, मयाराम करण सिंह, प्यारसिंग काल, डेबरिया गरलिया, हुकुम हेजरिया, मियान सिंह सखाराम, दुलीराम धुलसिंग, वेर सिंह कोटवाल, भायराम सिकाडिया, मंत्री अनारसिंग, कमल रमालिया, चंपालाल गुड्डु, रमेश खामसिंह सभी निवासी गोपालपुरा एवं बसंत मांगीलाल निवासी पिपलई घायल हुए हैं।

# दादा गुरु के प्रकटोत्सव पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ यादव



**समय जगत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ यादव देर शाम माँ नर्मदा के तट सरस्वती घाट पर आयोजित दादा गुरु के प्रकटोत्सव पर आयोजित भव्य कायक्रम में शामिल हुए। विदेश (दावोस) से लौटने के बाद, थकान की परवाह किए बिना वे दादा गुरु के दर्शन और आशीर्वाद लेने यहाँ पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने सनातन संस्कृति, माँ नर्मदा की महिमा और विज्ञान व अध्यात्म के संबंध पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दादा गुरु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल एवं बड़ी संख्या में नर्मदा परिक्रमावासी मौजूद थे।

**विज्ञान से परे है आस्था की शक्ति :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। कई बार जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जब हमें आश्चर्य होता है, जहाँ विज्ञान के नियम काम करना बंद कर देते हैं या फेल हो जाते हैं, वहीं से धर्म की जयकार शुरू होती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल प्रकृति के नियमों को समझने का प्रयास करता है, लेकिन यह ईश्वरीय कृपा ही है जिससे हमें आनंद और साहस प्राप्त होता है।

**विशाल जनसमूह मां नर्मदा की कृपा का प्रमाण:** दादा गुरु के नेतृत्व में चल रही माँ नर्मदा की परिक्रमा और भक्तों की भारी भीड़ को देखकर मुख्यमंत्री भावविभोर हो गए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, घर में दो-चार मेहमान आ जाएं तो घरवालों की हालत खराब हो जाती है, लेकिन इतने बड़े दल और परिवार का सुचारू रूप से चलना, बिना माँ नर्मदा और दादा गुरु की कृपा के संभव नहीं है।

**हेलीकॉप्टर की समय सीमा और दर्शन की लालसा :** अपनी व्यस्तता और दादा गुरु के प्रति समर्पण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने एक संस्मरण साझा किया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर के पायलट ने चेतावनी दी थी कि यदि समय पर वापस नहीं आए तो कल दोपहर 2 बजे तक रुकना पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नर्मदा महाआरती के साथ नर्मदा जयंती पर होने वाले आयोजनों की भी की शुरुआत

# मां नर्मदा की महाआरती में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव एवं केंद्रीय मंत्री नड्डा

**समय जगत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा बसंत पंचमी की शाम गौरीघाट में माँ नर्मदा महाआरती में शामिल हुये। नर्मदा महाआरती प्रतिदिन के अपने निर्धारित समय ठीक शाम 7 बजे ओंकार ध्वनि से प्रारंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नर्मदा महाआरती करने के साथ ही प्रदेश में नर्मदा जयंती पर होने वाले आयोजनों की शुरुआत भी की। नर्मदा महाआरती के पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने स्वस्ति-वाचन और श्लोकों की गूँज के बीच पूरे विधि-विधान से पुरोहितों की मौजूदगी में माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ नर्मदा का दुग्धाभिषेक कर दीपदान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर प्रदेश वासियों को नर्मदा जयंती और गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई दी और माँ नर्मदा से प्रदेश की



खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

नर्मदा महाआरती में केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा की धर्मपत्नी श्रीमती मल्लिका नड्डा, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं डॉ अभिलाष पांडे, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोंटिया, पूर्व निःशक्तजन आयुक्त दीपांकर बैनर्जी, संदीप जैन, सोनू बचवानी भी मौजूद थे। महाआरती के समापन पर 15 वर्षीय तेजस्विनी दुबे ने माँ नर्मदा को साफ एवं स्वच्छ रखने का सभी को संकल्प दिलाया।

**रोड शो में मुख्यमंत्री डॉ यादव और केंद्रीय मंत्री का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत :** माँ नर्मदा की महाआरती में शामिल होने के पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा झंडाचौक से गौरीघाट तक रोड शो में शामिल हुये। रोड शो में सड़क के दोनों ओर खड़े जनसमूह ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने प्रत्युत्तर में हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह भी उनके साथ थे।

## सार-समाचार

### बरगढ़ में घटित नाबालिक बालक की हत्या के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा पुलिस बल के साथ किया गया पैदल भ्रमण



**समय जगत , चित्रकूट।** थाना बरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बरगढ़ में घटित नाबालिक बालक की हत्या की दुखद घटना के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अक्षीक्षक चित्रकूट सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में पुलिस बल के साथ कस्बा बरगढ़ में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आमजन से संवाद स्थापित कर शांति बनाए रखने की अपील की तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कस्बे में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कराते हुए प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान एसडीएम मऊ राम श्रृषि रमन, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द वर्मा,क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली ,प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ शिवआसरे, पीआरओ पुलिस अक्षीक्षक प्रदीप पाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन को आश्वस्त किया गया कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### पुलिस अधीक्षक से की गई लिखित शिकायत

**बांदा।** गिरवा थाना क्षेत्र के कछार पुरवा अंश बांसी गांव निवासी राम नरेश पुत्र इंद्रपाल, बेटे लाल पुत्र रामदास राजबहादुर पुत्र शिवनंदन रोशनी पत्नी रामनरेश विमल पत्नी बेटे लाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि गांव का ही निवासी भाऊ राम पुत्र मैया दीन उनसे रंजिश मानता है। बीते दिनों भाऊ राम की पुत्री कल्पना ने गांव के ही हरि ओम पुत्र लालू से भाग कर शादी कर ली थी भाऊ राम ने मेरे विरुद्ध थाना गिरवा में फर्जी शिकायत की है। थाना प्रभारी द्वारा मुझ प्रार्थी पर अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है कि वह कल्पना को खोज कर लाएं जब कि इस विषय की जानकारी मुझे कुछ भी नहीं है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

**समय जगत, चित्रकूट।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. देवेन्द्र मणि त्रिपाठी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ने की इस कार्यक्रम में ज्योतिबा राव फुले विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम दास अहिरवार, एएचटीयू से त्रिभुवन, विकास पथ सेवा संस्थान से डॉ. प्रभाकर सिंह तथा जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति से आदित्य मिश्रा, कमला शंकर शुक्ला एवं पुष्पेंद्र सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 100 छात्राओं, आशा वर्कर्स एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम के दौरान 100 दिवसीय अभियान के उद्देश्यों, रणनीतियों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल विवाह की रोकथाम, बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह न केवल बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए घातक है बल्कि उनके भविष्य और आत्मनिर्भरता में भी बाधा बनता है।

# आज शुरू होगा सद्भाव ऑक्शन क्रिकेट लीग , पॉलिटेक्निक ग्राउंड में आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस

**सिवनी।** सद्भाव ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाली सद्भाव ऑक्शन क्रिकेट लीग 2026 का शुभारंभ आज 25 जनवरी से किया जाएगा। टूर्नामेंट को लेकर शनिवार शाम पॉलिटेक्निक ग्राउंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें सद्भाव समिति के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की रूपरेखा, नियमों एवं पुरस्कार राशि की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में लीग मैच खेलेगी। दोनों पूल से शीर्ष 2-2 टीमें अगले चरण में प्रवेश करेंगी। पूल की टॉप टीमें आपस में मुकाबला करेंगी, जिसकी विजेता टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम दूसरे स्थान की टीमों के बीच होने वाले मैच की



विजेता से सेमीफाइनल खेलेगी। सेमीफाइनल की विजेता टीम दूसरी फाइनलिस्ट बनेगी। आयोजकों ने बताया कि सभी मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे। सभी टीमों को शाम 7.15 बजे तक मैदान में पहुंचकर अपनी प्लेइंग-11 की सूची समिति को सौंपना अनिवार्य होगा। टॉस 7.30 बजे कराया जाएगा और मैच तुरंत प्रारंभ होगा। यदि कोई टीम देर से पहुंचती है तो ओवरों में कटौती की जाएगी। नियमों के अनुसार, मैच के चौथे ओवर के समाप्त होने के बाद पांचवें ओवर के शुरू होने से पहले तक मैदान में पहुंचने वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकेगा, बशर्ते उसका नाम पहले से दी गई प्लेइंग-11 में दर्ज हो। मैच के दौरान अंपायर का निर्णय सर्वमान्य रहेगा और उस पर किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। टूर्नामेंट में सिक्सिट कंपनी की गेंद का उपयोग किया जाएगा। पहले तीन ओवर में गेंद खराब या टूटने पर नई गेंद दी जाएगी,

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों पर जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



**समय जगत हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार जनपद हमीरपुर के प्राइमरी स्कूल इस्लामियां में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं पी सी एन डी टी को केन्द्रित करते हुये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं उनको रोके जाने की व्यवस्था तथा PCPNDT (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम तथा बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**बांदा।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कलेक्टेऊट सभागार में विकसित भारत-विकसित प्रदेश की संकल्पना को साकार करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण सभागार में किया गया। जिसमें गौसेवा



आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि सभी लोगों को चले गॉव की ओर,गॉव को विकसित करना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। वर्षा के समय पानी को स्टोर करने की आवश्यकता है। सभी को स्वस्थ्य रहना होगा,जब हम स्वस्थ रहेंगे। तब देश का विकास होगा। तो क्यों न किसानों,गॉयों एवं खेती के द्वारा गौ आधारित खेती अपने गॉव में करवायें और मिलेट्स की पैदावार भी करें। गॉव को आत्मनिर्भर बनायें। जल संरक्षण करना हमारा पहला काम है।एक पेड मॉ के नाम,आर्गेनिक खेती का उत्पादन करें। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा,स्वास्थ्य देने का काम करें। जुलाई में गोबर के गमलों में पेड लगाये जायेंगे। उसी से नर्सरी भी तैयार करायी जायें तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा।जब प्रदेश का हर नागरिक विकास की मुख्य धारा से जुडेगा। मण्डलायुक्त ने प्रदेश दिवस पर कहा कि हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है कि बुन्देलखण्ड के बाद प्रदेश को विकसित करें। सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन आत्मनिष्ठा,ईमानदारी एवं पारिदर्शिता के साथ करना चाहिए। जनता की सेवा को सर्वोपरि रखते हेतु शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावीढंग से पहुंचायें। उत्तर प्रदेश दिवस को सेवा,संकल्प और उत्तरदायित्व का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसी भावना के साथ कार्य करने से विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।हर एक व्यक्ति को न्याय दिलाने का कार्य करें,यही हमारा प्रयास होना चाहिए। विधायक नरैनी ने कहा कि प्रदेश की भूमि में चाहे श्री राम हों,ऋषि बामदेव हों,जिनका पूरा नाम पूरे विश्व में विख्यात हो।

# सांसदों के साथ महाप्रबंधक व रेल अधिकारियों की बैठक संपन्न, यात्री सुविधाओं- रेल विकास पर हुई चर्चा

## शहडोल सांसद के प्रतिनिधि के तौर पर बैठक में शामिल हुए लोहानी

**शहडोल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ आयोजित की गई। तृतीय तल सभागार महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित यह बैठक सौहार्दपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में तोखन साहू, सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। हिमाद्री सिंह शहडोल सांसद के प्रतिनिधि के तौर पर बैठक में उपस्थित हुए संतोष लोहानी ने शहडोल लोकसभा क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों और रेलवे से संबंधित समस्याओं,मांगो,और चल रहे कार्यों के बारे में अपनी बात रखी कुछ प्रमुख ट्रेनों के कोविड के पूर्व रहे स्टॉपेज पुनः प्रारंभ किए जाए कुछ प्रमुख ट्रेनों के आगे के स्टेशन तक विस्तार करने के लिए कई स्थानों में अंडर ब्रिज निर्माण संसदीय क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों में एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज बड़े स्टेशन में कुली की संख्या बढ़ाने शहडोल स्टेशन में वाशिंग पिट के साथ महानगरों विशेषकर मुंबई,चेन्नई के लिए सीधी ट्रेन सुविधा अमृत भारत स्टेशन के कार्यों में गति लाते हुए समय सीमा में पूर्ण करने शहडोल स्टेशन की



डोरमेट्री चालू करने उमरिया स्टेशन में प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव व सिंगल टोला फाटक मैं उचित व्यवस्था करने अनूपपुर जिले में कुछ प्रमुख स्थानों में अंडर ब्रिज वंदे भारत ट्रेन इत्यादि प्रमुख मांगे रखी इस पर जवाब दिया गया कि महाप्रबंधक के अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले कार्य हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी शेष कार्य जो रेलवे व रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में आते है उन्हें वहां भेजकर सांसद को सूचित किया जाएगा। शहडोल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों कि सुविधा हेतु रैंप की व्यवस्था की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा अग्रिम कार्यवाही प्रगति पर है स्टेशन पर दो लिफ्ट स्वीकृत हो चुकी है एवं एक अतिरिक्त लिफ्ट हेतु भी स्वीकृत प्राप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संतोष लोहानी ने बताया कि रेलवे व रेल बोर्ड दिल्ली से मिलने वाली सुविधाओं के लिए सांसद हिमाद्री सिंह समय समय पर रेल मंत्री से मुलाकात कर प्रयास कर रही है कि अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए चिंतित रहती है और यह प्रयास करके रहती हैं कि किस तरह से अपने क्षेत्र की जनता को सभी सुविधाएं आसानी से प्रदान कर सके। इस बैठक में तोखन साहू, सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार के अलावा चिंतामणि महाराज सांसद सरगुजा, कमलेश जांगड़े, सांसद जांजगीर-चांपा, देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद राज्यसभा (रायगढ़) शामिल हुये। इसके अलावा हिमाद्री सिंह सांसद शहडोल के प्रतिनिधि संतोष लोहानी डॉ. ज्योत्सना महंत, सांसद कोरबा के प्रतिनिधि हरीश परसाई, जे. ओराम, सांसद सुंदरगढ के प्रतिनिधि प्रेम सागर उरांव, राधेश्याम राठिया, सांसद रायगढ के प्रतिनिधि नंदकिशोर डनसेना, प्रदीप पुरोहित, सांसद बरगढ के प्रतिनिधि विकास अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को और बेहतर करने में मिलेगा। बैठक में उप-महाप्रबंधक (सामान्य) द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का परिचय, उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों का का क्षमता से संबन्धित प्रजेंटेशन सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)